सोने एवं चांदी
आभूषणों
के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 24 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 6 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे

## भरोसे का घोषणा-पत्र


2023-28



### वादा है, फिर निभाएंगे

- किसानों का कर्ज माफ — पहले की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ
- अब धान का मिलेगा 3200 रु प्रति क्विंटल
- 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी
- महिलाओं को ₹500 सिलेंडर सब्सिडी — गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी
- बिजली फ्री — 200 यूनिट बिजली फ्री
- KG से PG मुफ्त शिक्षा — सभी सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में KG से लेकर PG तक शिक्षा मुफ्त
- 17.5 लाख परिवारों को आवास — 17.5 लाख गरीब परिवारों को हम आवास देंगे
- तेंदूपत्ता बोनस 4000 रु प्रतिवर्ष — तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस भी
- महिला स्व-सहायता समूह ऋण माफी — स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ
- 10 लाख तक मुफ्त इलाज — अब 10 लाख रुपए तक का मिलेगा मुफ्त इलाज
- सभी सरकारी स्कूल स्वामी आत्मानंद में अपग्रेड — अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
- लघु वनोपज MSP से प्रति किलो 10 रु ज्यादा — लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो
- 10,000 रु प्रतिवर्ष भूमिहीन मजदूरों को — भूमिहीनों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष
- युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50% की सब्सिडी
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्क — 700 नए RIPA का होगा निर्माण
- समर्थन मूल्य पर तिवरा खरीदी — तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
- जातिगत जनगणना — जातिगत जनगणना करवाएंगे
- दुर्घटना होने पर मुफ्त इलाज
- परिवहन व्यवसाय कर्ज माफी — परिवहन व्यवसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ
- अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध राज्य सरकार करेगी

भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार



भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

## संपादकीय

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता

तकनीक और राजनीति की दुनिया के दिग्गजों ने उचित ही चेतावनी दी है कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता को नियंत्रित नहीं किया गया, तो दुनिया के लिए भारी जोखिम पैदा हो जाएगा। लोगों की गोपनीयता तो खत्म होगी ही, साथ ही इंसानों के जीवन पर भी खतरा मंडराने लगेगा। ब्रिटेन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन का आयोजन दरअसल समाधान खोजने का सराहनीय व स्वागतयोग्य प्रयास है। ऐसे शिखर सम्मेलन की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को लेकर विगत दो वर्षों में लगातार चिंता का इजहार किया गया है। यह ब्रिटेन में आयोजित शिखर सम्मेलन की बड़ी कामयाबी है कि वहां तकनीक की दुनिया के दिग्गज जोखिमों को कम करने के लिए तैयार दिखे हैं। एआई के विकास में सरकारों के साथ मिलकर काम करना जरूरी है, ताकि कानून-कायदे के अंतर्गत ही इस नई तकनीकी का विकास हो। अगर निजी कंपनियों में एआई के विकास को लेकर खुली प्रतिस्पर्द्धा छिड़ गई, तो तकनीकी मानवता को ही नुकसान पहुंचाने लगेगी। एआई के विकास में लगे नेताओं को जिम्मेदारी का एहसास कराने के मकसद में शिखर सम्मेलन को कामयाबी मिली है और भविष्य में आने वाली तकनीक के न्याय-अनुकूल होने की संभावना बढ़ गई है। चूंकि इस शिखर सम्मेलन को यूरोप के अनेक नेताओं ने गंभीरता से लिया है और इसमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी भाग लिया है, इसलिए महत्व को समझा जा सकता है। फ्रांस और जर्मनी के वित्त मंत्री, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, ब्रिटेन और इटली के प्रधानमंत्री, ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधान मंत्री ने भी हिस्सा लिया है। खास यह कि चीन के नेता भी शिखर सम्मेलन शामिल हुए हैं। तमाम नेताओं ने एआई से जुड़े जोखिमों को पहचानने और उनका उपचार करने पर जोर दिया है। दुनिया में एआई को लेकर एक साझा नीति का निर्माण जरूरी है, ताकि कोई भी देश या कंपनी इस अत्याधुनिक तकनीक का दुरुपयोग न कर सके। वास्तव में यह अन्य तकनीकी की तरह नहीं है। चूंकि इंटनरेट की दुनिया में पूरी तरह से जुड़ी हुई है, इसलिए एआई के विकास या उसके प्रभाव को किसी खास देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा जा सकता। मान लीजिए कि कोई देश एक हथियार विकसित करता है, तो उससे सभीको खतरा नहीं है और हो सकता है, वह देश अपने को सुरक्षित करने के लिए हथियार बनाए और संरक्षित रखे। किसी देश ने अगर रासायनिक हथियार बना रखे हैं, तो उससे ज्यादा खतरा नहीं है, लेकिन एआई तकनीक को सीमा में नहीं बांधा जा सकता। एक बार कहीं वह इंटरनेट पर उपलब्ध होगी, तो उसके सदुपयोग और दुरुपयोग करने वाले अनेक पैदा हो जाएंगे। अतः एआई पर सजग देशों की निगाह जरूरी है। एआई के मोर्चे पर केवल समान विचारधारा वाले देशों का परस्पर सहमत होना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए सभी देशों को सहमत होना पड़ेगा। यूरोप, अमेरिका जैसे देश मिलकर अगर कोई तंत्र बनाएंगे, तो केवल उतना ही दुनिया के लिए पर्याप्त नहीं होगा। डिजिटल दुनिया अब केवल विकसित या पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। अतः ऋषि सुनक जैसे नेताओं को व्यापकता में सोचना चाहिए और समान विचारधारा के देशों को साथ लेने की बजाय सभी को साथ लेना चाहिए और साथ ही, सभी देशों को एआई के मोर्चे पर समान नीति के पालन के लिए पाबंद भी करना चाहिए। यह बात भी समझने की है कि तकनीक का फायदा चंद देशों को ज्यादा हुआ है और अब चूंकि तकनीक की उपलब्धता बढ़ गई है, तो कुछ देश एआई जैसी तकनीक पर अपना शिकंजा कसना चाहते हैं। शिखर सम्मेलन का मकसद यह नहीं होना चाहिए कि कथित समान विचारधारा के देशों को ही एआई से मजबूती मिले।

> “ दुनिया में एआई को लेकर एक साझा नीति का निर्माण जरूरी है, ताकि कोई भी देश या कंपनी इस अत्याधुनिक तकनीक का दुरुपयोग न कर सके। वास्तव में यह अन्य तकनीकी की तरह नहीं है। चूंकि इंटनरेट की दुनिया में पूरी तरह से जुड़ी हुई है, इसलिए एआई के विकास या उसके प्रभाव को किसी खास देश या क्षेत्र तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

### बिहार में ये उलटी चाल

बिहार सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक विवादास्पद कदम उठाया है। इसके तहत 22 लाख स्कूली छात्र-छात्राओं के नाम काट दिए गए हैं। सरकार का दावा है कि वह ऐसा शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कर रही है। उसका दावा है कि उन छात्रों के नाम स्कूल के रजिस्टर से हटाए जा रहे हैं, जो 30 दिन तक लगातार गैर-हाजिर रहे। सरकार स्कूलों से गैर-हाजिर रहने वाले शिक्षकों पर भी कार्रवाई कर रही है, लेकिन वह दीगर मुद्दा है। छात्रों के मामले से उसका सिर्फ इतना संबंध है कि चूंकि बड़ी संख्या में शिक्षक गायब रहते हैं और स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती, तो बहुत से छात्रों की स्कूल जाने में दिलचस्पी घट जाती है। ज्यादातर ये छात्र वैसे गरीब घरों से आते हैं, जहां उनका श्रम उनके परिवार की आय लिए जरूरी बना रहता है। अब तक सामने आए ब्योरे के मुताबिक बीते चार महीने में जिन 22 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के नाम काटे गए हैं, उनमें कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों की संख्या 18 लाख 31 हजार है, जबकि बाकी बच्चे कक्षा नौ से 12वीं कक्षा तक के हैं।

नाम काटे जाने के कारण ढाई लाख से ज्यादा बच्चे बिहार विद्यालय परीक्षा बोर्ड की इंटर और मैट्रिक की परीक्षाओं में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। शिक्षा विभाग ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को ऐसे 2,66,564 विद्यार्थियों की सूची भेजी है। जाहिर है, सामूहिक रूप से बड़ी संख्या में सरकार छात्रों को उस कथित जुर्म के लिए दंडित कर रही है, जिसके लिए खुद वो जिम्मेदार है। फिर शिक्षा के अधिकार नियम के तहत छह से 14 वर्ष के बच्चों के अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। हकीकत यह है कि शिक्षा की गुणवत्ता में तब तक सुधार नहीं होगा, योग्य शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होगी और स्कूलों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, छात्रों को स्कूल में हाजिर रहने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता। मुद्दे की बात यह है कि राज्य की खस्ताहाल शिक्षा व्यवस्था के लिए किसी भी रूप में कथित घोस्ट स्टूडेंट्स जिम्मेदार नहीं हैं।

### एआईः बंटते हुए प्रतिमान?

विशेषज्ञों के मुताबिक अमेरिका और चीन इस समय आर्टिफिशियल के क्षेत्र में दो अग्रणी देश हैं, लेकिन वे अलग-अलग प्रतिमानों के आधार पर इस तकनीक को विकसित करने में जुटे हुए हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के प्रतिमान तय करने के लिए पश्चिमी देशों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक लंदन में शुरू हो गई है। इस बैठक से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एआई कंपनियों के लिए तय किए कायदों का एक आदेश अपने देश में जारी किया। लंदन की बैठक में कुल 27 सरकारों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। गौरतलब है कि विभिन्न क्षेत्रों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ जहां इसकी अपार संभावनाओं से दुनिया परिचित हो रही है, वहीं इस तकनीक पर से मानवीय नियंत्रण खत्म होने की आशंका भी पैदा हुई है। इसके अलावा इससे इंसानी नौकरियों के लिए खतरा पैदा होने और साइबर हमलों के अधिक खतरनाक जैसे अंदेशे भी गहराए हैँ। लंदन की बैठक ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पहल पर हो रही है। पिछले हफ्ते सुनक ने जोर दिया था कि उनका लक्ष्य सुरक्षा के मामले पर एक अंतरराष्ट्रीय समझ को विकसित करना है। ह्वाइट व्हाइट हाउस ने एआई के इस्तेमाल केलिए जो सुरक्षा मानक तय किए हैं, उसके तहत कंपनियों को अपने कुछ खास तरह के सिस्टम सरकारी समीक्षा के लिए जमा करने होंगे।

> “ अराफात की फतह पार्टी ने नए फिलिस्तीन में सरकार बना ली और असंतोष की पालकी हमास ने अपने कंधों पर उठा ली। बरसों पहले बन चुका हमास इसके बाद ही मजबूत होना शुरू हुआ। वेस्ट बैंक इलाके में उसका प्रभाव कम पड़ा, लेकिन गाजा पट्टी में अपना असर बढ़ाता हुआ वह उस क्षेत्र के भूगोल और मनोविज्ञान, दोनों पर ही काबिज हो गया।

# क्यों जरूरी है अराफात को याद करना

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

इजरायल-हमास जंग को कल एक माह हो जाएगा। मगर इन 30 दिनों में एक नाम को सबसे कम याद किया गया, जबकि वह इस समस्या से जुड़ा सबसे अहम नाम है, और वह हैं यासिर अराफात! एक दौर था, जब लगता था कि अराफात और फिलिस्तीन शायद एक-दूसरे के पर्याय हैं। अराफात को देखो, तो फिलिस्तीन याद आता था, फिलिस्तीन की बात करो, तो अराफात की छवि दिमाग में उभरती थी। जब विश्व के नक्शे पर फिलिस्तीन कहीं नहीं बचा था, तब भी अराफात उसका परचम बनकर दुनिया भर में लहराते फिरते थे। अपनी कोशिशों से उन्होंने फिलिस्तीन की समस्या को हमेशा एक अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाए रखा, जबकि उनके बाद हमास इस जंग को उल्टी दिशा में ले गया और दुनिया की एक बड़ी समस्या क्षेत्रीय पचड़ा भर बनकर रह गई।

अपनी सक्रियता के शुरुआती दौर में यासिर अराफात भी तकरीबन वैसी ही सोच वाले थे, जैसी सोच आज हमास की है। तब वह मानते थे कि फिलिस्तीन ऊर्जा के बारूद और अरब देशों के सहयोग से इजरायल का नामो-निशान मिटा देंगे। मगर तमाम झड़पों, मोर्चों और युद्धों में पराजय के बाद जब अरब देश कराह रहे थे और मिस्र इजरायल के साथ कैंप डेविड समझौते की ओर बढ़ रहा था, तब अराफात को समझ में आ गया कि यह रास्ता किसी मंजिल की ओर नहीं ले जाने वाला। धीरे-धीरे उन्होंने अंगार बरसाने वाली अपनी तुर्शी को किनारे रखकर कूटनीति का दामन थामा। वैश्विक समीकरणों के कारण दूसरी दुनिया के देश तो उनके साथ थे ही, उन्होंने गुटनिरपेक्ष देशों और तीसरी दुनिया के तमाम मुल्कों को फिलिस्तीन मसले से जोड़ा और फिर उनकी लड़ाई पूरी दुनिया की समस्या बन गई। जल्द ही अराफात को वह रुतबा मिल गया, जो आमतौर पर शासनाध्यक्षों को नसीब होता है। अराफात यूएन मुख्यालय में भाषण देते थे और दुनिया की तकरीबन सारी राजधानियों में आते-जाते रहते थे।

हालांकि, कुछ चरमपंथियों ने अपना आक्रामक रुख फिर भी जारी रखा और इजरायल भी उनका दस गुना, सौ गुना जवाब देता रहा। एक अच्छे नेतृत्व की खासियत यह होती है कि वह वक्त और जरूरत के हिसाब से न सिर्फ अपने आप को बदलता है, बल्कि अपने साथ चल रहे जनमानस को भी बदलने के लिए तैयार करता है। अराफात ने यह काम बड़े अच्छे ढंग से किया था। फिलिस्तीनियों की आक्रामकता भले अपनी जगह बची रही, पर उनके बीच ऐसा बड़ा वर्ग तैयार हो गया, जो यह मानने लग गया था कि समस्या का हल अंत में राजनय के दबाव से और बातचीत की मेज पर ही निकलेगा।

बातचीत की मेज वाली इस सोच ने फिलिस्तीन आंदोलन के कई तर्क बदल दिए। बातचीत होगी, तो सामने जो बैठेंगे, उनमें एक इजरायल भी होगा। आप अगर बातचीत चाहते हैं, तो आपको उस दुश्मन को भी स्वीकार करना होगा, जिसे मिटाने के लिए आप घर से निकले थे। फिर एक समय वह भी आया, जब अराफात ने इजरायल के अस्तित्व को स्वीकार किया। यहीं से उनका दो राष्ट्र का सिद्धांत निकला, जिसमें इस भूभाग में एक फिलिस्तीन होगा और एक इजरायल। यह बात लगभग संयुक्त राष्ट्र के 1947 की विभाजन योजना वाली ही थी। यही वह सिलसिला था, जो 1993 के ओस्लो समझौते की ओर ले गया। और फिर बना एक नया फिलिस्तीन।



हालांकि, यह जो फिलिस्तीन बना, वह 1947 की विभाजन योजना वाला नहीं था। इजरायल ने उसके नक्शे को काफी सिकोड़ दिया था और वेस्ट बैंक के इलाके में तमाम यहूदी बस्तियां बसाकर इस मामले को काफी उलझा भी दिया था, यानी जो फिलिस्तीनी चेतना पिछले 45 साल से इजरायल से उलझी हुई थी, उसके असंतोष का पर्याप्त ईंधन इस बंटवारे में उपलब्ध था। अराफात की फतह पार्टी ने नए फिलिस्तीन में सरकार बना ली और असंतोष की पालकी हमास ने अपने कंधों पर उठा ली। बरसों पहले बन चुका हमास इसके बाद ही मजबूत होना शुरू हुआ। वेस्ट बैंक इलाके में उसका प्रभाव कम पड़ा, लेकिन गाजा पट्टी में अपना असर बढ़ाता हुआ वह उस क्षेत्र के भूगोल और मनोविज्ञान, दोनों पर ही काबिज हो गया। उन्नीस साल पहले नवंबर के इसी दूसरे सप्ताह में जब अराफात ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तो गाजा में इजरायल की बची-खुची चुनौतियां भी खत्म हो गईं।

यासिर अराफात खुद को समाजवादी कहते थे और उन्होंने फिलिस्तीन आंदोलन को एक धर्मनिरपेक्ष रूप देने की भी कोशिश की थी, जबकि हमास ने इस भौगोलिक और सांस्कृतिक लड़ाई को सांप्रदायिक रूप दे दिया। अराफात ने फिलिस्तीन की लड़ाई के साथ पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की थी, जबकि हमास ने कट्टर इस्लामी देशों और संगठनों से ही रिश्ते बनाए। लंबे समय तक इजरायल अराफात और उनके संगठन को भी आतंकी तंजीम ही कहता रहा, पर दुनिया ने इसे कभी स्वीकार नहीं किया। अब इजरायल को कुछ कहने की जरूरत नहीं है, दुनिया हमास को आतंकी संगठन ही मानती है। सबसे बड़ा काम हमास ने यह किया कि उसने इजरायल के बहुत सारे पाप धो दिए। अब इजरायल की ज्यादतियों का जिक्र गिने-चुने लोग करते हैं, जबकि हमास के आतंकवाद की चर्चा सब करते हैं।

हमास ने पूरे गाजा पर कब्जा कर रखा है। उसकी मर्जी के बिना वहां पत्ता भी नहीं हिलता। भले ही उसे दुनिया की मान्यता न मिली हो, पर हमास अगर गाजा की सरकार है, तो उससे यह उम्मीद की ही जानी चाहिए, जो एक सरकार से की जाती है। वह अपनी सेना बना सकता था और राजनयिकों की टीम तैयार कर सकता था। एक ऐसी व्यवस्था खड़ी कर सकता था, जिस पर हमला करने से पहले इजरायल जैसे देश को भी सौ बार सोचना पड़ता। इसके बजाय हमास ने ऐसा रास्ता चुना, जो उसके दुश्मन इजरायल के बहुत मुफीद है।

इजरायल के पास जो आक्रामकता है, उसके लिए उसे अराफात की नहीं, हमास की जरूरत है। हमास उसे वह अवसर प्रदान करता है, जिससे इजरायल अपनी आक्रामकता को जायज ठहरा सके। इस बार भी हमास ने जो किया, पूरी दुनिया उसकी निंदा करने को मजबूर थी। इस हमले से हमास ने इजरायलियों का जितना नुकसान नहीं किया, उससे ज्यादा फलस्तीनियों का कर दिया है। उसने इजरायल को गाजा पर हमले का एक नया बहाना दे दिया। गाजा में इस समय जो लोग मारे जा रहे हैं, उनमें कितने हमास के लड़ाकेहैं और कितने आम नागरिक, यह कहना मुशकिल है, लेकिन जो हो रहा है, उसका जितना जिम्मेदार इजरायल है, उससे कहीं ज्यादा जिम्मेदार हमास है। उसने गाजा के आम नागरिकों को युद्ध के हैवान के सामने खड़ा कर दिया है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# धुंध ही नहीं, गंभीर रोगों की भी चादर है यह प्रदूषण

राजीव दासगुप्ता, प्रोफेसर, जेएनयू

दिल्ली-एनसीआर पर पसरी धुंध की चादर लोगों को बीमार करने लगी है। सांस की समस्या से पीड़ित मरीजों की मुश्किलें तो बढ़ ही गई हैं, घरों से बाहर निकलने वाले लोग जुकाम और आंखों में जलन की शिकायत भी करने लगे हैं। फिलहाल इस धुंध का कारण पंजाब-हरियाणा जैसे राज्यों में जल रही पराली को बताया जा रहा है, लेकिन भारत में वायु प्रदूषण का स्रोत घरों, मोटरगाड़ियों और उद्योगों से निकलने वाला धुआं भी है। विकसित देशों में तो यह समस्या कम दिखती है, लेकिन उभरती और औद्योगिकीकरण की तरफ बढ़ रही अर्थव्यवस्थाएं गंभीर वायु प्रदूषण से जूझ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया की लगभग 99 फीसदी आबादी ऐसी दूषित आबोहवा में सांस ले रही है, जिसमें तय सीमा से काफी अधिक प्रदूषक हैं। इसका विशेष नुकसान अल्प-विकसित या विकासशील देशों को हो रहा है। भारत भी ऐसा ही एक मुल्क है।

अनुमान है कि दुनिया भर में घरेलू और बाह्य प्रदूषण के कारण हर साल करीब 55 लाख लोग समय से पहले मर जाते हैं, जिनमें से आधे से अधिक मौतें सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं-भारत और चीन में हो रही हैं। अति सूक्ष्म कण पीएम-2.5 के कारण विश्व में जितने लोगों की जान जा रही है, उसे देखते हुए यह कण पांचवां सबसे प्रमुख जोखिम का कारक माना जाता है। यूरोप में तो वायु प्रदूषण सबसे बड़ा पर्यावरणीय खतरा और समय से पहले मौत व बीमारी का एक प्रमुख कारक बनकर उभरा है। भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी उन शीर्ष के शहरों में एक है, जहां की आबोहवा इंसानी सेहत के लिए काफी खराब माना जाती है। दूषित हवा में सांस लेने से इंसानों की सेहत पर कितने भयानक प्रभाव पड़ते हैं, इसकी जानकारी अमेरिकन लंग एसोसिएशन ने दी है। उसके मुताबिक, वायु प्रदूषण में लंबे समय तक रहने से अकाल मौत की



आशंका तो है ही, अस्थमा की शिकायत बढ़ने, दिल के दौरे व मानसिक आघात का खतरा पैदा होने, फेंफड़े का कैंसर होने, बौनापन की शिकायत, सीओपीडी, यानी सांस संबंधी पुरानी बीमारियों के गंभीर होने, बच्चों में फेंफड़े की समस्या बढ़ने, फेंफड़ों के ऊत्तकों में सूजन व जलन होने, शिशु का जन्म के समय कम वजन, घरघराहट, खांसी व सांस की तकलीफआदि बढ़ने की आशंका अधिक होती है। लीवर जैसे शरीर के अन्य अंगों के भी प्रदूषण के प्रभावित होने की बात कही जाती है।

ऐसा नहीं है कि अपने यहां प्रदूषण थामने के उपाय नहीं किए जा रहे। करीब पांच साल पहले, जनवरी, 2019 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया था। विभिन्न साझेदारों को शामिल करते हुए 24 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों के 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार करना इसका लक्ष्य है। इसमें 2025-26 तक पीएम-10 में 40 फीसदी तक की कमी करने की कल्पना की गई है। एनसीएपी के तहत 82 शहरों में पीएम-10 के स्तर में तीन से पंद्रह फीसदी तक कमी का वार्षिक लक्ष्य है, ताकि इसमें समग्रता में 40 फीसदी की कमी लाई जा सके। 15वें वित्त आयोग के वायु गुणवत्ता अनुदान के तहत 49 शहरो को 15 फीसदी कमी और वायु गुणवत्ता सुधारने का वार्षिक लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा भी कई कदम उठाए जा रहे हैं- जैसे, गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए हम बीएस-छह की ओर बढ़ चले हैं, मेट्रो और क्षेत्रीय रेलवे में निवेश की जा रही है, एक्सप्रेस-वे बनाए जा रहे हैं, पुरानी गाड़ियों को प्रतिबंधित किया जा रहा है। औद्योगिक उत्सर्जन से निपटने के लिए एनसीआर में पेट कोक व फर्नेस ऑयल का उपयोग रोक दिया गया है और पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। अपशिष्ट पदार्थों के जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने की भी कोशश हो रही है, और वायु गुणवत्ता की निगरानी करने के साथ-साथ पराली जलाने पर रोकथाम का प्रयास भी हो रहा है।

चूंकि वायु की गुणवत्ता धरती की जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी हुई है, इसीलिए वायु प्रदूषण को कम करने की नीतियां जलवायु और स्वास्थ्य, दोनों के लिए फायदेमंद हैं। बीमारियों का हमारा बोझ भी इससे कम हो सकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# तृणमूल, राजद जानी दुश्मन

हरिशंकर व्यास

भाजपा के लिए प्रादेशिक पार्टियों की भी दो श्रेणियां हैं। पहली श्रेणी में तृणमूल और राजद हैं, जिनको हरा कर भाजपा ताकतवर हो सकती है और दूसरी श्रेणी में डीएमके है, जिसको भाजपा अभी हरा नहीं सकती है। इसलिए डीएमके नेताओं पर कार्रवाई की रफ्तार धीमी है और तृणमूल व राजद के नेताओं पर अंधाधुंध कार्रवाई हो रही है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 18 सीटें जीती थीं और उसे 41 फीसदी के करीब वोट मिले थे। राज्य में हिंदू आबादी 70 फीसदी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि हिंदुओं का 60 फीसदी वोट भाजपा को मिला था। अगर इस वोट में जरा सा भी इजाफा होगा तो भाजपा पहले से ज्यादा सीट जीत सकती है। तभी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी कार्रवाई पश्चिम बंगाल में हो रही है। शिक्षक भर्ती घोटाला, कोयला तस्करी, चिटफंट घोटाला या ऐसे किसी भी मामले में ममता सरकार के मंत्रियों और नेताओं को पकड़ कर जेल में डाला जा रहा है।

दो साल पहले मदन मित्रा, फिरहाद हाकिम, शोभन चटर्जी और सुब्रत मुखर्जी जैसे बड़े नेता गिरफ्तार हुए थे। हालांकि उनको जल्दी ही जमानत मिल गई थी। लेकिन ममता सरकार के मंत्री रहे पार्था चटर्जी अभी जेल में बंद हैं और इस बीच एक दूसरे मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को भी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। ममता की पार्टी के कद्दावर नेता अणुब्रत मंडल भी जेल में बंद हैं। ममता के भतीजे और पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रूजिका बनर्जी व उनके रिश्तेदारों से केंद्रीय एजेंसियों की पूछताछ लगातार चल रही है और कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। ममता के कई और मंत्रियों पर भी छापे पड़े हैं। उनकी पार्टी को आने वाले दिनों में राहत नहीं मिलेगी। एक तरफ भाजपा ममता के परिजनों और उनकी पार्टी के नेताओं के यहां कार्रवाई करके राज्य सरकार के भ्रष्ट होने का मैसेज बनवा रही है तो दूसरी ओर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप भी लगा रही है। तुष्टिकरण के आरोपों से राजनीतिक फायदा होगा लेकिन केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से पार्टी कमजोर होगी और चुनाव लड़ने की उसकी सामर्थ्य घटती जाएगी।

इसी तरह बिहार में पुरानी सहयोगी जनता दल यू के मुकाबले राष्ट्रीय जनता दल के ऊपर केंद्रीय एजेंसियों की ज्यादा कार्रवाई हो रही है। इसके दो मकसद हैं। पहला तो लालू प्रसाद के परिवार और पार्टी को भ्रष्ट साबित करके नीतीश कुमार पर दबाव बनाना कि वे चुनाव से पहले राजद से पल्ला झाड़ें। हालांकि इसकी संभावना कम दिख रही है। दूसरा मकसद लालू प्रसाद के पूरे परिवार को केंद्रीय एजेंसियों और कानूनी कार्रवाई के पचड़े में फंसा कर उनकी चुनावी तैयारियों को पंक्चर करना है। अगर कार्रवाई इसी तरह चलती रहती है तो राजद के पास संसाधन की कमी होगी और तैयारियां प्रभावित होंगी। भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। बिहार में भाजपा 2014 का करिश्मा दोहराने की उम्मीद कर रही है। हालांकि तब नीतीश अलग लड़े थे।

डीएमके नेता एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और पार्टी के सांसद ए राजा ने सनातन धर्म पर तीखी टिप्पणी की, जिसकी भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने आलोचना की। इसके अलावा डीएमके से हिंदू-मुस्लिम वोट वाला विरोध नहीं है। इसके बावजूद राज्य सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी गिरफ्तार हैं और जेल में बंद हैं। फिल्मों से जुड़े अनेक लोगों पर आयकर विभाग की कार्रवाई हुई, जिसमें से कुछ लोगो के संबंध उदयनिधि स्टालिन से हैं। असल में डीएमके के सनातन विरोध का फायदा उठा कर भाजपा राज्य की राजनीति में कुछ स्पेस हासिल करना चाहती है। तभी अगले कुछ दिन में वहां भी कार्रवाई तेज हो सकती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर हैं। उनके कई करीबी लोगों पर कार्रवाई हुई है। हालांकि इसके बावजूद खुद हेमंत अभी तक बचे हुए हैं। पांच राज्यों के चुनाव के बाद झारखंड की राजनीतिक तस्वीर कुछ साफ होगी।

## युद्ध बाद क्या करेगा?

श्रुति व्यास

क्या गाजा का कोई भविष्य है? हमास के साथ युद्धखत्म होने के बाद इजराइल क्या करेगा?

ये प्रश्न परस्पर विरोधीभासी होते हुए भी आपस में जुड़े हुए हैं। इजरायली सेना ने 28 अक्टूबर से जो कार्यवाही आरंभ की है उसे वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध का दूसरा चरण बताया है-गाजा पर जमीनी आक्रमण। उन्होंने आगाह किया है कि यह चरण ‘लंबा और कठिन’ होगा।और वे सही कह रहे हैं। पिछले तीन हफ्तों से जारी युद्ध के पहले चरण का लक्ष्य था हमास का खात्मा। इसका अर्थ है इस संगठन के सैन्य ढांचे को नष्ट करना, उसके शीर्ष नेतृत्व को मौत के घाट उतारना और उसके अधिक से अधिक मैदानी सैनिकों की जान लेना। चूंकि हमास ने बड़ी संख्या में यहूदियों की हत्या करने के लिए हमला किया था इसलिए इजरायल को अब पहले का मंजर मंजूर नहीं है जिसमें हमास की हिंसक गतिविधियों को आर्थिक मदद के लालच और हमले की धमकी के मिश्रण से काबू में रखा जाता था। और यह बात समझी जा सकती है। हमास ने इजरायली खुफिया एजेंसियों और सेना के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा कर दी। और जब तक हमास ताकतवर रहेगा, इसराइल सुरक्षित नहीं होगा और नाही सुरक्षित महसूस करेगा। साथ ही, जबतक हमास की मौजूदगी रहेगी तब तक शांति कायम होने की कोई संभावना नहीं है। हमास और इजराइल के बीच टकराव जारी रहेगा। यह बमबारी का शिकार बन रहे लोगों के लिए एक कटु सत्य है कि गाजा के निवासियों को भी तब तक तकलीफों का सामना करना पड़ेगा जब तक वहां हमास की तानाशाहीपूर्ण सत्ता कायम रहेगी और उसके नतीजे में इजराइल की दमघोंटु सुरक्षा व्यवस्था भी।

हालांकि इजराइल के अपनी सुरक्षा करने और बमबारी करने के अधिकार को पश्चिम ने ‘स्वीकार’ कर लिया है, लेकिन सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि हमास के साथ चल रहे युद्ध की समाप्ति के बाद क्या होगा? उसके बाद बीबी क्या करेंगे? यह कोई नहीं बता सकता और नेतन्याहू इस बारे में जो बातें कर रहे हैं, वह कर पाना संभव है। ऐसा बताया जाता है कि उन्होंने यूरोपीय नेताओं को इस बात के लिए राजी करने का प्रयास किया कि वे मिस्र पर शरणार्थियों को कम से कम अस्थायी रूप से वहां आने और रहने की अनुमति देने के लिए दबाव डालें। यह एक पुराना सुझाव है जो दुबारा दिया जा रहा है। एक इजरायली थिंक टैंक, जिसके प्रमुख एक पूर्व अधिकारी हैं, ने एक दस्तावेज प्रकाशित किया (बाद में उसे डिलीट कर दिया गया) जिसमें अनुशंसा की गई थी कि यह ‘‘पूरी गाजा पट्टी को खाली करवाने का एक अनूठा और दुर्लभ अवसर है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### ईवीएम कमीशनिंग का मिला अधिकारियों को प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के 06 विधानसभाओं के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसरों को ईव्हीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण दो पालियों में आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में दिया गया। पहली पाली में मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं कमीशनिंग दल के सदस्य शामिल हुए वहीं दूसरी पाली में बिल्हा, बिलासपुर एवं बेलतरा विधानसभा के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण हुआ। कमीशनिंग का अर्थ होता है ईवहीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत और जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एम टी आलम ने ईव्हीएम कमीशनिंग की बारीकियों से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया और उनकी शंकाओं का समाधान भी किया। नगर निगम कमिश्नर ने कहा कि कमिशनिंग के कार्य में विभिन्न प्रकार की सावधानियां बरतने के साथ ही तकनीकी जानकारी होनी जरूरी है। प्रशिक्षण में सभी सेक्टर अधिकारियों को कमीशनिंग प्रक्रिया में कंटोल यूनिट, कैंडिडेट सेटिंग, बैटरी चेक, बैलेट यूनिट, मतपत्र सेटिंग, व्हीव्हीपेट बैटरी चेकिंग आदि के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि ईव्हीएम मॉक पोल टेस्ट राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा, जिसमें पांच प्रतिशत मशीनों का एक हजार वोट टेस्ट के साथ मॉकपोल होगा। सबसे पहले बीयू की कमीशनिंग होगी। बैलेट यूनिट, कंटोल यूनिट और व्हीव्हीपेट के संचालन के साथ ही एक दूसरे से कनेक्ट करना, ईव्हीएम सील करना, मॉकपोल, सीआरसी , सामान्य इरर एवं उसके कारणों सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हैंडस ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अभ्यास भी किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवकुमार बनर्जी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के आरओ, एआरओ, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रैनर मौजूद थे। कमीशनिंग की प्रकिया कल से - कल से ईव्हीएम मशीनों की कमीशनिंग की प्रक्रिया दोपहर 12 बजे से कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम में शुरू हो जाएगी। इसके लिए सभी ईव्हीएम मशीने स्टांगरूम में पहुंच चुकी है।

### मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री एवं प्रपत्रों के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए रविवार को कलेक्टोरेट के सभागार में मतदान दलों को मतदान सामग्री, किट वितरण एवं प्रपत्र वितरण के सम्बन्ध में जिले के मास्टर ट्रेनर डॉ. बी. एस.राव एवं जय देवांगन ने प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण नगर निगम कमिश्नर सुश्री प्रतिष्ठा ममगई एवं डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी की उपस्थिति में दिया गया. मास्टर ट्रेनर ने कहा कि मतदान दलों को दी जाने वाली किट एवं प्रपत्रों को तैयार करने में विशेष सावधानी बरती जाए. उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी को दी जाने वाली किट में स्टाम्प, माचिस, नीला लाल बालपेन, कैंची, कोरा कागज, मुहर लगाने के लिए मोमबत्तियां, गम, ब्लेड, सुतली धागा, धातु का स्केल, कार्बन पेपर, कपड़ा, पेकिंग शीट, पिन, टेप, अमिट स्याही के लिए कप आदि सभी आवश्यक सामग्री सूची से मिलान करके रखी जाये. इसके साथ ही मतदान दल के सदस्यों को दिये जाने वाले निर्धारित प्रपत्र - मास्टर लिफाफे, सफेद, पीले, नीले रंग लिफाफे आदि प्रपत्र पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची से मिलान करके दिये जाये. श्री देवांगन ने बताया कि पीठासीन अधिकारी के लिए दी जाने वाली सामग्री की अलग से चेक लिस्ट दी जायेगी।

# वायरल वीडियो से मचा बवाल, भाजपा ने मांगा सीएम का इस्तीफा, भूपेश बघेल ने दिया करारा जवाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े एक वीडियो से बवाल मच गया है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां भाजपा नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस्तीफा मांग रहे हैं वहीं इस वीडियो के जवाब में सीएम भूपेश बघेल ने भी करारा जवाब दिया है। दरअसल वीडियो में शुभम सोनी नाम का शख्स खुद को महादेव बुक का मालिक बता रहा है। सौरभ चंद्राकर व रवि उप्पल को उसका सहयोगी बताते हुए सीएम भूपेश बघेल, उनके बेटे बिट्?टू, उनके राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा व एसपी प्रशांत अग्रवाल का नाम लेकर 508 करोड़ रुपए लेनदेन की बात कही है।




वीडियो सामने आने के बाद भाजपा ने इसे हथियार बना लिया और सीएम भूपेश बघेल से इस्तीफे की मांग की है। इस बीच कांग्रेस व भाजपा में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है।

वीडियो को लेकर भाजपा के हमलों के बीच सीएम भूपेश बघेल ने भी उन्हें करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो को फर्जी बताते हुए ऐन चुनाव के समय इस तरह का वीडियो ईडी की मदद से जारी करवा रही है।

### सीएम बघेल वायरल वीडियो पर कही यह बात

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि आज कुछ समाचार चैनलों ने एक वीडियो दिखाया है जिसमें एक व्यक्ति यह दावा कर रहा है कि वह मुझसे मिला और मैंने उसे संरक्षण देने का आश्वासन दिया और उसे दुबई जाकर व्यवसाय करने का भी सुझाव दिया। मुझे आश्चर्य है कि एक अनजान व्यक्ति के बयान को सभी ज़िम्मेदार टीवी चैनल किस आधार पर चला रहे हैं? सिर्फ़इस आधार पर कि इसमें मेरा नाम है? क्या यह मानहानि का मामला नहीं है?


सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि यह कोई रहस्य नहीं है कि ये वीडियो क्यों आया है और कैसे आया है और यह भी समझना कठिन नहीं है कि ऐन चुनाव के वक़्त ऐसा बयान भाजपा को फ़ायदा पहुंचाने के लिए ही जारी किया गया है। यह भी हर कोई समझ रहा है कि ईडी को हथियार बनाकर ही ऐसा किया जा रहा है। दरअसल भाजपा अब ईडी के सहारे ही चुनाव लड़ रही है और मुझे बदनाम करने के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पहली बात तो यह कि मैं इस व्यक्ति को नहीं जानता और न मैं कभी इससे उस तरह मिला हूं, जैसा कि वह दावा कर रहा है. वह किसी सभा समारोह का हिस्सा रहा हो तो मैं नहीं कह सकता। दूसरी बात यह है कि यह व्यक्ति दावा कर रहा है कि वह 'महादेव ऐप का मालिक है। आश्चर्य की बात है कि यह बात महीनों से इस मामले की जांच कर रही एजेंसी ईडी को भी अभी तक पता नहीं थी और दो दिन पहले तक ईडी उसे मैनेजर बता रही थी। छत्तीसगढ़ की जनता सब जान-समझ रही है. वह भाजपा और उसकी सहयोगी ईडी को चुनाव में करारा जवाब देगी।

# पहले चरण के लिए थम गया चुनाव प्रचार, 20 सीटों पर 223 प्रत्याशी मैदान में, कल मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव दो चरणों में पूरा होगा। पहले चरण में 7 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम चुका है। कल 20 विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर वोटिंग होगी। 20 विधानसभा क्षेत्रों में से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों और संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा।




प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार हैं, जिनमें 198 पुरुष और 25 महिला हैं। प्रथम चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता और 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक और दस विधानसभा क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। वहीं मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 और पंडरिया में 14 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

# दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ललित चंद्राकार रियाली भाजपा मंडल के ग्राम पुरैना, डुंडेरा में घर-घर पहुंचकर कमल फूल में बटन दबाने लोगों से निवेदन किया । उन्होंने गाँवों के बड़े बुजुर्गो युवा साथियों, व देवी तुल्य माताओं से आर्शीवाद लेकर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे जन हितैषी कार्यों को नुक्कड़ समाएं के माध्यम से जनता के सामने रखी । लोगों ने भाजपा की नीति-व रिति को देश हित में बताते हुए 17 नवम्बर को होने वाले चुनाव में भाजपा को ही अपना वोट देने प्रत्याशी ललित चन्द्राकर कोआशिर्वाद दिया। जन सम्पर्क यात्रा के दौरान रिसाली निगम के वार्ड 38,39, 9 40 में भाजपा के मंडल पदाधिकार युवा मोर्चा, महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओने जन संपर्क अभियान में हिस्सा लेकर कमल फूल को जितानें मतदाताओं से अपील की।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली मंडल के ग्राम पुरैना के वार्ड क्रमांक 38, 39 और 40 में स्थानीय जनों से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।भाजपा प्रत्याशी को मिल रहे आपार जनसमर्थन से कार्यकर्ताओं का उत्साह दुगुना हो गया है उन्होंने वे पूरे विश्वास के साथ कहने लगे है की दुर्ग ग्रामीण में कमल खिलाएगा। जनसंपर्क में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे।राजू जंघेल एल. लक्ष्मण राव,. कंकेशवर डी. साई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मुकेश चंद्राकर को केम्प क्षेत्रों में मिल रहा आम जनता का जनसमर्थन



श्रीकंचनपथ न्यूज


**भिलाई।** वैशाली नगर विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर का आज का दिन का जनसंवाद कार्यक्रम वार्ड 32 के बैकुंठधाम से शुरू होकर राष्ट्रीय विद्यालय से जुड़ें लाइन से होते हुए युगनिर्माण से सतनाम मोहल्ले होते हुए आदर्श नगर से देवांगन मोहल्ले से होते हुए राकेश मोहल्ले पर समापत हुआ। जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरन प्रत्याशी जी ने लोगो से पहले कुछ साल से निरंतर बानी हुई बुनियादि समस्याओ पर चर्चा की और लोगो को आश्वासन दिया।इस दौरन उनके साथ कांग्रेस के बृजमोहन सिंह ,रामा विश्वकर्मा,प्रभाकर जनबंधु ,आरती सोनवानी, गुलाम उस्मानी ,शशिकांत साव, राजेश गुप्ता, परविंदर सिंह, उमाशंकर साहू, , गायत्री देवांगन चंद्रमणि सागर शामि हुए।

### बस्तर में वोटिंग पर बोलीं रीना बाबा साहेब कंगाले -

# इस बार मतदान का बनाएंगे नया रिकार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव-2023 का नेतृत्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) रीना बाबा साहेब कंगाले कर रही हैं। पहले चरण के मतदान पर उन्होंने कहा है कि इस बार बस्तर में रिकार्ड वोटिंग होगी। मतदान से पहले उन्होंने चुनाव की तैयारियों में उन्होंने धुर नक्सली क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी व मैदान इलाकों का जायजा लिया है। पहले चरण के चुनाव के लिए टीमें रवाना हो चुकी है। 20 सीटों में से 12 सीटें अति संवेदनशील हैं।




रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि 2018 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार डेढ़ गुणा से ज्यादा सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। पहले चरण की 20 सीटों पर एक लाख सुरक्षा जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। नईदुनिया से चर्चा में सीईओ रीना बाबा साहेब कंगाले ने सवालों का बेबाकी से जवाब दिया और कहा कि हम सुरक्षा और चुनौती दोनों पर खरे उतरेंगे। मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हमे उम्मीद है कि मतदाता इस बार मतदान का नया रिकार्ड बनाएंगे।

रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि मुझे प्रसन्नता एवं गर्व की अनुभूति है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में अपनी सहभागिता देने का अवसर मिला है। राज्य स्तर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम एवं समावेशी चुनाव कराने की जिम्मेदारी मुझे मिली है। मुझ पर भरोसा किया गया। इस भरोसे को कायम रखूंगी।

# टेबल पर बांस-बल्ली, कछुआ-पानी

श्रीकंचनपथ




जीवन की कठिनाइयां लोगों को मजबूत बनाती हैं। पर यही कठिनाइयां अंधविश्वास और टोटकों को भी जन्म देती है। चतुर लोग इसमें भी धंधा ढूंढ लेते हैं। दरवाजों पर काले घोड़े की नाल, उलटा लटका हुआ कपड़े का काला पुतला तो पहले भी देखने को मिल जाता था पर अब तो टेबल पर कांच या धातु का कछुआ, गिलास या कटोरी में बांस के छोटे पौधों भी देखने को मिल जाते हैं। एक आदमी कूल्हे से लेकर टखने तक भयंकर दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचा। पहले लगा कि यह सायटिका का दर्द है। मरीज को एडमिट कर लिया गया। जांचें शुरू की गईं। जांच का कोई नतीजा निकाला जाना अभी बाकी था पर मरीज को दर्द जाता रहा। अस्पताल के कपड़े पहनते ही उसका दर्द जाता रहा। तभी एक अटेंडर ने रहस्योद्घाटन किया। उसने मरीज के बेडसाइड टेबल में रखे एक बड़े से ढेले की तरफ डाक्टर का ध्यान आकर्षित किया। करीब से देखने पर पता चला कि वह एक चमड़े का बटुआ लेदर वॉलेट है जिसका पेट भयंकर रूप से फूला हुआ है। जब मरीज से बटुए का सामान निकालकर दिखाने को कहा गया तो इसमें से बीच में छेद वाले ढेर सारे चाइनीज फेंगशुई सिक्के निकले। डाक्टरों को तुरंत उसकी तकलीफ का कारण समझ में आ गया. बंदा यह बटुआ अपनी जींस के हिप पॉकेट में रखता था। इसके कारण सायटिका नसों पर दबाव पड़ता था। बंदे ने बताया कि यह करामाती चाइनीज सिक्के हैं जो सुनिश्चित करते हैं कि जेब कभी खाली न हो। बंदे को इस टिप के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई कि अब या तो वह बटुए दो रखेगा या फिर उसे सामने की जेबों में रखेगा। ठीक इसी तरह अब दुकानों से लेकर घरों तक में टेबल पर कांच के बर्तन में तैरते धातु या कांच के कछुए दिख जाते हैं. इसे क्रिस्टल कछुआ भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसे घर, दफ्तर या दुकान की उत्तर दिशा में रखने पर वित्तीय स्थिरता आती है। इसी तरह बेडरूम या डाइनिंग टेबल पर रखे बांस के छोटे पौधे रिश्ते में सुख, शांति और मधुरता लाते हैं। कुछ ऐसी ही मान्यता पूरब मुखी प्लाट, मकान और दुकानों को लेकर भी है। ऐसे में याद आता है अपना बचपन। पिताजी भिलाई स्टील प्लांट में काम करते थे। भिलाई टाउनशिप के मकान या तो उत्तरमुखी होते हैं या फिर दक्षिणमुखी। वेतन समय पर मिलता था, इसलिए वित्तीय स्थिरता में कोई बाधा नहीं थी। एक-दो कमरे के बीएसपी क्वार्टर में वास्तुदोष नहीं होता था। 6-7 लोगों का परिवार आराम से रहता था। मेहमान भी आ जाते थे. प्लांट में 50-60 हजार लोग काम करते थ। आठ घंटा ड्यूटी करने के बाद भी ओवरटाइम के लिए उनके पास ऊर्जा होती थी। किसी एनर्जी-ड्रिंक या प्रोटीन पाउडर की जरूरत नहीं पड़ती थी। जाहिर है, पगार समय पर मिले तो तमाम वास्तुदोष अपने आप ठीक हो जाते हैं।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### अबूझमाड़ की मलखंभ टीम ने जीता इंडियाज गॉट टैलेंट

**रायपुर (ए)।** सीमित संसाधनों के बाद भी मेहनत और लगन से अबूझमाड़ की मलखंभ टीम ने बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। टीम ने टीवी रियालीटी शो इंडियाज गाट टैलेंट को जीतकर टाइटल अपने नाम कर लिया है।

रविवार को हुए फिनाले के बाद विजेता की घोषणा की गई, जिसमें मलखंभ टीम पहले स्थान पर रही। सदियों पुरानी कला को जीवित रखते हुए मलखंभ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से शो के निर्णायकों का, कार्यक्रम के सेलिब्रेटी गेस्ट व देश के करोड़ों लोगों का दिल जीत लिया।

*छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की है टीम*

मलखंभ की यह टीम छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद प्रभावित बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले की है। नारायणपुर में अबूझमाड़ की यह टीम खेला करती थी, जो आज पूरे देश में प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। संसाधन सीमित होने के बावजूद इस टीम के खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और आज अपने हुनर का प्रदर्शन बड़े मंच पर कर रहे हैं।

इंडियाज गाट टैलेंट के जज बादशाह, किरन खेर और शिल्पा शेट्टी इस टीम से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने खिलाड़ियों की जमकर तारीफकी। शो के जज बादशाह और किरण खेर ने इनके प्रदर्शन से खुश होकर इनको खेल का सालाना खर्च दिया। बादशाह ने टीम की सराहना करते हुए हरसंभव मदद करने का वादा करते हुए कहा- कभी भी किसी भी चीज की जरूरत पड़े तो आप मुझे याद कीजिएगा।

*टीम में शामिल हैं ये खिलाड़ी*

दस सदस्यों की टीम में मनोज प्रसाद (कोच), पारस यादव, नरेंद्र गोटा, फूलसिंह, युवराज सोम, राकेश कुमार वरदा, राजेश कोर्राम, राजेश सलाम, मोनू नेताम, श्यामलाल पोटाई, सुरेश पोटाई, समीर सोरी, अजमद फरीदी, शुभम पोटाई आदि खिलाड़ी शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ राज्य की बीच महिला हैंडबॉल टीम ने अपने पहले लीग मैच में दिल्ली को फास्ट ब्रेक पेनल्टी शूट आउट में 5- 1 से पराजित किया

**रायपुर।** 37वीं राष्ट्रीय खेल का आयोजन राज्य शासन गोवा के द्वारा गोवा में 26 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2023 तक भारतीय ओलम्पिक संघ एवं गोवा ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ राज्य की इंडोर हैंडबॉल पुरुष वर्ग एवं बीच हैंडबॉल की महिला वर्ग की टीम ने भाग लेने की पात्रता हासिल की है। इंडोर हैंडबॉल खेल आयोजन मनोहर परिकर इंडोर स्टेडियम, मड़गाव में 04 से 08 नवंबर 2023 तक तथा बीच हैंडबॉल खेल का आयोजन मीरामार बीच, पणजी, गोवा में 05 से 09 नवंबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

05 नवंबर 2023 को बीच महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का लीग मैच में पहला मुकाबला दिल्ली के साथ खेला गया। छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 17-07 से जीता। दूसरे सेट में कांटे की टक्कर में दिल्ली से 9-11 गोल से पराजित हुई। मैच का फैसला फास्ट ब्रेक पेनल्टी शूट आउट के द्वारा किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ महिला बीच हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 5-1 से पराजित किया। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबॉल टीम का दूसरा मुकाबला कल 06 नवंबर 2023 को हरियाणा के साथ खेला जायेगा। छत्तीसगढ़ महिला बीच हैंडबॉल टीम में भाविका रामटेके, कंचन महानंद, प्रीति साहू, मोहिका , दिल्ना जॉर्ज, आरती यादव, प्रिया, सोनिया, प्रिय तिवारी, हेमकल्याणी, प्रशिक्षक - अमिता मोहपात्रा, प्रशिक्षक राजेश कुमार सरकार, प्रबंधक कु. अनुजा दुबे एवं डी सुरेश क्रिस्टोफर शामिल है।

मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने 'स्वीप महिला कार रैली' का आयोजन

# उत्कृष्ट मतदान संदेश के साथ सजी कारों को पुरस्कृत किया गया

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने किया कारों के काफिले का नेतृत्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज रायपुर में महिला कार रैली का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले सहित सैकड़ों महिला कार चालकों ने इसमें हिस्सा लिया। महिला कार रैली के काफिंले में उत्कृष्ट सजावट व संदेशों के साथ शामिल कारों के महिला चालकों को सम्मानित भी किया गया। कार रैली के माध्यम से मतदाताओं को 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान की अपील की गई। आयोजन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों सहित रायपुर जिला प्रशासन के सभी विभागों, स्थानीय स्वयंसेवियों एवं सामाजिक संगठनों की महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

### सीईओ रीना बाबासाहेब कंगाले ने थामी जीप की स्टीयरिंग

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कार रैली में खुद स्टीयरिंग थामकर काफिले को लीड किया। रैली के दौरान उनके साथ जीप में सवार महिलाएं पूरे रास्ते भर लाउड स्पीकर पर मतदाताओं से 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए दिखीं।




### बीटीआई ग्राउंड में सुबह से लगी कारों की लंबी लाइन

स्वीप कार रैली के लिए महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। महिलाएं अपने कार की स्वयं सजावट कर सुबह से बीटीआई ग्राउंड पहुंचने लगी थीं। महिलाओं के साथ उनके परिजन और सहेलियां भी कारों में सवार थीं, जो महिला कार चालकों का उत्साहवर्धन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही थीं।

### रैली में शामिल हुआ शहर

रैली में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम के कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत के सीईओ अबिनाश मिश्रा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल और जिला पंचायत के अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एचके जोशी सहित जिला प्रशासन, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगर निगम, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित सभी विभाग शामिल हुए। रैली में प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू अंबेडारे व कई स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों के महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। सभी ने एक स्वर में 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करने की अपील नागरिकों से की।

### ई-कार व ई-रिक्शा की कार रैली में रही धूम

स्वीप महिला कार रैली में रोल्स रॉयस जैसी विंटेज कार, खुली जिप्सी, जीप के साथ इलेक्ट्रॉनिक कार व ई-रिक्शा सहित लगभग 200 कारें शामिल हुईं। उत्कृष्ट कार सजावट व संदेश के लिए अनुपमा तिवारी को प्रथम पुरस्कार, ई-कार व ई-रिक्शा को द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। सीईओ कंगाले ने इन महिलाओं को पुरस्कृत कर सभी की सक्रिय सहभागिता के लिए सराहना की।

### पारंपरिक वेशभूषा में कार रैली में शामिल होने पहुंची महिलाएं

महिलाओं ने अपनी कार को आकर्षक सजावट देने के साथ ही स्वयं भी पारंपरिक पोशाक में रैली में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ ही महिलाएं महाराष्ट्रियन, बंगाली, ओड़िसी, दक्षिण भारतीय, गुजराती पारंपरिक पोशाक व पगड़ी पहनकर वीरांगनाओं की तरह इस रैली में पहुंची। महिलाएं बीटीआई ग्राउंड में निर्वाचन गीत मैं भारत हूं... पर नृत्य व जुम्बा कर मतदान का संदेश देते दिखीं।

### 80 वर्षीय अख्तर कुरैशी के साथ चला राष्ट्रध्वज

लंबे समय से लकवाग्रस्त अख्तर कुरैशी भी कार रैली के दौरान मतदान के लिए सभी को प्रेरित करने पहुंचे। 80 बरस के अख्तर अपने साथ राष्ट्रध्वज लेकर इस रैली में शामिल हुए। सीईओ श्रीमती कंगाले ने उनके हौसले की सराहना करते हुए उन्हें न केवल कार रैली में अपने साथ शामिल कीं, बल्कि उन्हें कार रैली के समापन स्थल साइंस कॉलेज मैदान में सम्मानित भी किया।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदानः रीना बाबासाहेब कंगाल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# कार्तिक अष्मी पर पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलश से अभिषेक



**रायपुर (ए)।** आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में 5 नवंबर, कार्तिक कृष्ण अष्टमी वीर निर्वाण संवत 2549 को अष्टमी पर्व पर 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलश से अभिषेक किया गया। ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि प्रत्येक माह पड़ने वाली अष्टमी एवं चतुर्दशी का दिन विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। अष्टमी एवं चतुर्दशी के दिन सभी जैन मंदिरों में विशेष पूजन अनुष्ठान विधान आदि का आयोजन किया जाता है। रायपुर के बड़े दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में भी इन दिनों विशेष पूजन होती है जिसमे आज बड़े मंदिर में पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशों से अभिषेक कलश उपरांत रिद्धि सिद्धि प्रदाता चमत्कारी वृहद शांति धारा की गई। तत्पश्चात उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओं ने श्रीजी की मंगलमय आरती की। सभी से पूजन कर महाअर्घ चढ़ा कर अंत में विसर्जन पाठ कर विसर्जन किया। इस अवसर ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी संजय जैन सतना उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू प्रवीण जैन, सुरेश मोदी, महेंद्र जैन, बंटी जैन, प्रणीत जैन, सुजीत जैन, समित जैन, अक्षत जैन, कृष जैन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। ट्रस्ट कमेटी द्वारा 11 नवंबर को सुबह 7 बजे शांति विधान का आयोजन किया गया है। 13 नवंबर को सुबह 8.30 बजे वर्तमान जिनशासन नायक 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमे सुबह 7 बजे अभिषेक शांतिधारा आरती पूजन पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाए जायेंगे।

# राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का हुआ आयोजनः रायपुर जिले से एक साथ 94 बंदी हुये रिहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति महोदय गौतम भादुडी, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर के द्वारा 05.11.2023 को केन्द्रीय जेल रायपुर में राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का शुभारंभ अब्दुल जाहिद कुरैशी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के द्वारा किया गया।



उक्त शुभारंभ अवसर पर अब्दुल जाहिद कुरैशी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के द्वारा बंदियों को संबोधित करते हुये बताया गया कि अंडर ट्रायल रिव्यु कमेटी 2023 के अंतर्गत केन्द्रीय जेल रायपुर एवं उप जेल गरियाबंद में ऐसे बंदी जो अभिरक्षा में अधिक अवधि से निरूद्ध है, उनक प्रकरणों में शीघ्र निराकरण हेतु माननीय सर्वोच्च न्यायालय माननीय उच्च न्यायालय तथा जिला न्यायालय शीघ्र निराकरण के प्रयास कर रहे हैं। जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निरूद्ध बंदियों के मौलिक अधिकार एवं कानूनी अधिकार की सुरक्षा के लिये निरंतर कार्य कर रहा है। बहुत से बंदी ऐसे हैं जो अपने मामले की पैरवी के लिये अधिवक्ता की नियुक्ति, आर्थिक स्थिति कमजोर होने या निर्धनता के कारण जमानत राशि की व्यवस्था नहीं कर पाते है तो ऐसी स्थिति में आपके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपकी सहायता हेतु तत्पर है जो आपके मामले को सरल एवं सहज प्रक्रिया से निपटारे के लिये निःशुल्क विधिक सहायता करेगा। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर की राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का अभियान सराहनीय पहल है। जिससे जेलों में निरूद्ध बंदियों की अधिकता को कम करने हेतु कम अवधि की सजा वाले मामलों को चिन्हांकित करते हुये मामलों के निपटारे के लिये जेल लोक अदालत का समय समय पर आयोजन किया जाता है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला- रायपुर दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यदिवस के शनिवार को भी जेल लोक अदालत का आयोजन होता है जिसमें कोई भी बंदी अपने मामले का निराकरण करा सकता है और यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से भी जेल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करने हेतु आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रेषित करा सकता है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऐसे मामलों में निःशुल्क सेवा प्रदान करती है। जेल अधीक्षक एसएस तिग्गा द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि हम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से बंदियों के सर्वोत्तम हित के लिये कार्य कर रहे है और बंदियो की अपीले जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क रूप से जिला स्तर से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम के दौरान माननीय अब्दुल जाहिद कुरैशी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रायपुर के द्वारा केन्द्रीय जिला जेल में बंदियों को दी जानवाली सुविधाओं जिसमे स्वास्थ्य सुविधाओं इत्यादी का भी निरीक्षण किया गया और बंदियों के द्वारा बनाये हस्ताकला एवं कलाकृतियों को भी सराहा गया। माननीय महोदय के द्वारा जेल प्रशासन के द्वारा आम जनों के लिये चलाये जा रहे स्वल्पाहार केन्द्र के सफाई एवं गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायपुर गिर्जश प्रताप सिंह, रेल्व मजिस्ट्रेट समीर कजूर न्यायाधीश, चतुर्थ व्ययवहार न्यायाधीश वर्ग-1 निधि शर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 प्रवीण मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायपुर एस. एस. तिरंगा जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर आशुतोष देवांगन, अनुविभागीय दाकारी (नगर), पैरालीगल वालेंटियर्स आशुतोष तिवारी, राकेश कुमार, सुप्रभात हलदार, सहदेव नेताम,मनीष ध्रुव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी दिलीप चंद्राकर व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिला रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में कुल 142 प्रकरण रखे गये थे जिनमें से 94 प्रकरण निराकृत हुये और 94 बंदी रिहा हुये। पिछले वर्ष 02-04-2022 को 66 प्रकरण निराकरण और रिहाई किया गया था।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अपनी जीवनशैली में करें ये छोटे बदलाव, सेहत को मिलेंगे कई लाभ



कई बार हम छोटी-छोटी चीजें ये सोचकर नहीं करते हैं कि इससे कुछ नहीं होने वाला, लेकिन सच तो यह है कि छोटी-छोटी चीजें और बदलाव ही सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। यही चीज हमारी जीवनशैली पर भी लागू होती है। इसका मतलब है कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए जरूरी नहीं है कि आप एक बार में ही बड़े बदलाव करें। छोटे-छोटे बदलाव और अच्छी आदतें अपनाकर भी आप खराब जीवनशैली में सुधार कर सकते हैं।

### ध्यान लगाएं

कई लोगों को सांस लेने के महत्व और इससे भावनाओं पर होने वाले प्रभाव के बारे में जानकारी नहीं होती। अक्सर लोग अपनी नौकरी, परिवार और दोस्तों के साथ अपने रिश्ते या पैसे की चिंता के कारण तनाव में रहते हैं। इससे बचाव के लिए अपनी आंखें बंद करें और 2 मिनट के लिए अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करें। इससे आप शांत और तनावमुक्त महसूस करेंगे।

### धीरे-धीरे खाना चबाएं

आपने हमेशा सुना होगा कि खान-पान बहुत जरूरी है, लेकिन खाना खाने का तरीका भी बहुत मायने रखता है।अगर आप कई पोषक तत्वों से भरपूर व्यंजनों का सेवन करते हैं, लेकिन उन्हें ठीक से चबाकर नहीं खाते तो इससे आपको फायदे नहीं मिलेंगे। भोजन को अच्छे से चबाकर नहीं खाने से अपच और पेट में सूजन जैसी परेशानी हो सकती है।इनसे बचाव के लिए थोड़ा समय लें और खाना अच्छे से चबाकर खाएं।

### टू-डू लिस्ट तैयार करें

अपने पूरे दिन के बारे में योजना बनाना एक अच्छी आदत है। इससे आपको पता रहेगा कि पूरे दिन में क्या-क्या चीजें करनी हैं। इससे सोचने में आपका समय बर्बाद नहीं होता है। पूरे दिन की टू-डू लिस्ट तैयार करते समय उन सभी कार्यों को शामिल करें, जो आपको रात तक पूरे करने हैं।अपनी लिस्ट में रचनात्मक और कुछ नया और बेहतर शामिल करने पर भी ध्यान दें ताकि आपकी उत्पादकता में वृद्धि हो सके।

### कुछ हल्की एक्सरसाइज या शरीर को स्ट्रेच करें

स्वस्थ जीवनशैली के लिए जरूरी है कि आप सक्रिय महसूस करें और फिटनेस का ख्याल रखें। इसके लिए सुबह उठने के बाद हल्की एक्सरसाइज करना या फिर शरीर को स्ट्रेच करना एक अच्छा विकल्प है। इससे ब्लड सर्कुलेशन में सुधार, ऊर्जा के स्तर में वृद्धि और कैलोरी जलाने में मदद मिलती है। आप रोजाना घंटों तक वर्कआउट करने की बजाय कुछ समय तक ही एक्सरसाइज करें या फिर 10 मिनट तक घास पर नंगे पैर चल चल सकते हैं।

### त्वचा को मॉइस्चराइज करें

त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए रोजाना त्वचा की देखभाल करना जरूरी है। इसके लिए अपने चेहरे पर सीरम और मॉइस्चाइजर लगाएं। इसमें सिर्फ 2 मिनट का समय लगेगा, लेकिन इसका परिणाम समय के साथ बेहतर होता जाएगा। वैसे भी सर्दियों के मौसम में आपकी त्वचा को हमेशा हाइड्रेटेड रहना चाहिए, इसलिए मॉइस्चराइजिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बनाएं। त्योहारों से पहले चेहरे पर चमक लाने के लिए ये नुस्खे अपनाएं।

# छोटी सी स्कर्ट पहनकर केट शर्मा ने फ्लॉन्ट किए अपने बॉडी कर्व्स



टीवी एक्ट्रेस केट शर्मा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों में केट शर्मा का किलर अंदाज देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं। केट शर्मा आए दिन अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस का बोल्ड लुक इंटरनेट पर कहर बरपा रहा है। साथ ही फैंस उनकी इन तस्वीरों को देखकर तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस केट शर्मा ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, जिसमें वो बेहद ही शानदार लुक में नजर आ रही हैं। केट शर्मा ने अपनी इस फोटोशूट के दौरान मिनी स्कर्ट और व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लग रही हैं। बता दें कि वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस के अक्सर होश उड़ जाते हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के केट शर्मा ने अपने इस लुक को काफी बखूबी से निखारा है। हालांकि उनकी इन तस्वीरों को देखकर फैंस जमकर लाइक्स और कॉमेंट् कर रहे हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस केट शर्मा अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बोल्ड लुक्स के लिए जानी जाती हैं। उनका हर लुक लोगों के बीच ट्रेंड करता है।

# सिंघम अगेन से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक, हेलिकॉप्टर से हाथों में राइफल लिए छलांग मारते दिखे सूर्यवंशी

रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की अगली फिल्म सिंघम अगेन इन दिनों खूब चर्चा में बनी हुई है। जबसे इसकी घोषणा हुई है, फिल्म को लेकर रोज नए अपडेट सामने आ रहे हैं। ऐसे में फैंस भी इस मल्टीस्टारर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स आए दिन फिल्म के किरदारों से उन्हें इंट्रोड्यूस करवा रहे हैं। वहीं अब फिल्म से एक और सुपरस्टार का नाम रिवील कर दिया है। रोहित शेट्टी की इस मल्टीस्टारर फिल्म से अब सूर्यवंशी यानी अक्षय कुमार के नाम से पर्दा उठा दिया गया है।

वहीं अक्षय कुमार ने अपने किरदार की पहली झलक फैंस के साथ शेयर की है। अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से अपना पहला लुक शेयर करते हुए लिखा आला रे आला सूर्यवंशी आला, एटीएस चीफ वीर सूर्यवंशी की एंट्री का समय। क्या आप तैयार हैं? वहीं इस फोटो में हाथों में राइफल लिए अक्षय कुमार हेलीकॉप्टर से छलांग लगाते हुए नजर आ रहे हैं। फैंस उनका ये अंदाज बेद खुशी से झूम उठे है। उनके इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ आ गई है।

बता दें कि अक्षय से पहले दीपिकी पादुकोण, टाइगर श्रॉफ और रणवीर सिंह का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है, जो खूब चर्चा में रहा। वहीं रोहिट शेट्टी की कॉप यूनिवर्स की यह 5वीं फिल्म है। इससे पहले सिंघम, सिंघम रिटर्न्स , सिंबा और सूर्यवंशी आई थी। फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# टीवी अभिनेत्री मोनिका खन्ना ने कहा, मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी



**आसमान से आगे, प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा और थपकी प्यार की शो में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री मोनिका खन्ना ने बताया कि उन्होंने अभिनय में कभी कोई प्रशिक्षण नहीं लिया, सेट पर ही सब कुछ सीखा। मोनिका अब आने वाले शो इक कुड़ी पंजाब दी में नजर आएंगी। उन्होंने साझा किया, मैंने अभिनय का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अप्रत्याशित रूप से एक शो में भूमिका मिली। मुझे वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला।**

मोनिका ने कहा, मैं अपने शो में जो कुछ भी करती हूं, वह उन लोगों से सीखती हूं, जिनके साथ मैंने सेट पर काम किया है। दुर्गा और चारु फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हालांकि मैं सीखने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने में सक्षम नहीं हो सकती हूं, लेकिन मैंने बारीकियां और अंतर्दृष्टि सीख ली हैं। मैंने देखा है कि अन्य कलाकार अपने किरदारों को कैसे निभाते हैं और मुझे आश्चर्य होता है कि अगर मैं उनकी जगह होती तो मैं उन भूमिकाओं को कैसे करती।

उन्होंने कहा, शुरुआत में, मुझे यह भी नहीं पता था कि भूमिकाओं के लिए चरित्र रेखाचित्र बनाए जाते हैं, या अभिनेता अपने पात्रों के लिए इतनी गहराई से तैयारी करते हैं। धीरे-धीरे मुझे यह एहसास हुआ कि किसी प्रोजेक्ट को शुरू करने से पहले यह तैयारी जरूरी है। मैंने यह भी सीखा है कि किसी किरदार में खुद को डुबो देना कितना चुनौतीपूर्ण हो सकता है और यह आपके निजी जीवन को कैसे प्रभावित कर सकता है। आगे कहा, मैं कुछ अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने के लिए भाग्यशाली रही हूं जो न केवल प्रतिभाशाली थे बल्कि विनम्र और दयालु भी थे। उन्होंने उदारतापूर्वक अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, मेरी कमजोरियों को बताया और उन क्षेत्रों में मेरा मार्गदर्शन किया जहां मैं सुधार कर सकती थी।

# घर के अंदर शुद्ध हवा के लिए अपनाएं ये तरीके

## बेहतर सांस लेने में मिलेगी मदद

दिवाली से पहले देश के कई शहरों में वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में जा रहा है। ऐसे में घर के अंदर भी सांस देने में दिक्कत हो रही है। इससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे बचने के लिए घर में हवा को शुद्ध करना जरूरी है। आइये आज 5 ऐसे तरीके जानते हैं, जिनसे घर के अंदर की वायु गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है।



### इनडोर पौधे करेंगे मदद

पौधे घर के वातावरण को तरोताजा रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे घर के अंदर की हवा शुद्ध रहती है, जिससे आपको बेहतर सांस लेने में मदद मिलती है। वैज्ञानिक रूप से पौधे हवा से फॉर्मेल्डिहाइड, बेंजीन और ट्राइक्लोरोइथेन जैसे हानिकारक विषाक्त पदार्थों को हटाने में मदद करते हैं, जिससे आसपास की हवा ताजा रहती है। इसके लिए इंग्लिश आइवी, फिकस, बैंबू पाम, स्पाइडर प्लांट और स्नेक प्लांट जैसे अच्छे इनडोर पौधे लगाएं।

### वेंटिलेशन है जरूरी

घर के अंदर सही वेंटिलेशन होना भी बहुत जरूरी है क्योंकि इससे हवा को इधर-उधर जाने का रास्ता मिलता है। इस प्रक्रिया के साथ घर के अंदर का प्रदूषण भी दूर हो जाता है और आपको ताजी हवा मिलती है। इसके लिए आप रसोई और वॉशरूम जैसी जगहों के पास एग्जॉस्ट फैन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे हवा घूमती रहती है और उसकी गुणवत्ता में भी सुधार होता है।

### भाप लें

शुद्ध वायु के लिए कुछ प्राकृतिक और घरेलू उपचार सदियों से होते आ रहे हैं, जो प्रभावी भी हैं। इन्हीं उपायों में भाप लेना भी शामिल है।भाप लेने से फेफड़ों के स्वास्थ्य में सुधार होता है और श्वसन पथ को भी साफ किया जा सकता है। साथ ही यह वायुमार्ग को भी आराम पहुंचाता है। अतिरिक्त लाभ के लिए आप स्टीम कंटेनर में नीलगिरी के तेल की कुछ बूंदें भी मिलाकर भाप ले सकते हैं।

### एयर प्यूरीफायर

घर की हवा में मौजूद धूल को दूर करने के लिए आप एक एयर प्यूरीफायर भी खरीद सकते हैं। इसे घर के बीचों-बीच रखें। इससे आपके घर की हवा काफी साफ होने लगेगी।हालांकि अगर आप एयर प्यूरीफायर खरीद रहे हैं तो अच्छे फिल्टर वाला खरीदें ताकि यह हानिकारक वायु कणों को अच्छे से हटा सके।एयर प्यूरिफायर धुआं, पालतू जानवर की रूसी और अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड सहित अन्य प्रदूषण को खत्म कर सकता है।

# शाहरुख खान ने शेयर किए डंकी के नए पोस्टर्स, स्टार कास्ट की दिखीं धांसू झलक

शाहरुख खान इन दिनों अपनी मचअवेटेड फिल्म डंकी को लेकर खूब चर्चा में बने हुए हैं। जबसे डंकी का पहला टीजर सामने आया है, हर तरफ इसी फिल्म की चर्चा हो रही है। वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को बढ़ाने के लिए किंग खान ने फिल्म के दो नए पोस्टर्स शेयर जारी किए हैं। शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के पोस्टर्स शेयर किए हैं, जहां उनके साथ फिल्म के बाकी स्टार कास्ट



भी नजर आ रहे हैं। वहीं इसे शेयर करते हुए शाहरुख खान ने बेहद मजेदार कैप्शन लिखा है। एक पोस्टर्स में शाहरुख को अपनी पूरी टोली के साथ देखा जा सकता है। वहीं दूसरे पोस्टर में सभी रेगिस्तान में दिखाई दे रहे हैं। इन पोस्टर्स को शेयर करते हुए शाहरुख खान लिखते हैं हम बिल्कुल उसी तरह दिख रहे हैं, जैसे राजू सर ने अपने उल्लू के पट्ठों को इमेजिन किया था। इनके बारे में बहुत कुछ शेयर करना अभी बाकी है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी ये फिप्म क्रिसमस के खास मौके पर रिलीज होगी। वहीं कहानी की बात करें तो डंकी में 4 दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जो इंग्लैंड जाने का सपना देखते हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# पहले चरण की वोटिंग भाजपा के लिए अग्निपथ तो कांग्रेस के लिए अग्निपरीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

भिलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 20 सीटों पर कल मंगलवार को वोट डाले जाएंगे। इन 20 सीटों पर रविवार शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया और अब उम्मीदवार मतदाताओं के घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। पहले दौर की 20 सीटों पर 223 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर लगी है, जिसमें 198 पुरुष और 25 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण का चुनाव नक्सल प्रभावित वाले बस्तर और दुर्ग संभाग की सीटों पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अग्निपरीक्षा होनी है। पहले चरण की 20 सीटों में से 19 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि महज एक सीट पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह की सीट ही बीजेपी के पास है। इस तरह से कांग्रेस के लिए अपनी सीटों को बचाए रखने की बड़ी चुनौती होगी जबकि बीजेपी को सत्ता में वापसी के लिए अग्निपथ के गुजरना होगा। इस तरह पहले चरण में दोनों ही पार्टियों की साख दांव लगी हुई है। यही वजह है कि कांग्रेस की तरफसे राहुल गांधी से लेकर प्रियंका गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तो बीजेपी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमित शाह और जेपी नड्डा तक प्रचार में उतरे थे।




### पहले चरण की हाईप्रोफाइल सीटें

छत्तीसगढ़ के पहले चरण में कांग्रेस और बीजेपी ही नहीं बल्कि दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेताओं की भी अग्निपरीक्षा होगी। पूर्व सीएम और बीजेपी के दिग्गज नेता डा. रमन सिंह एक बार फिर से राजनांदगांव सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। यह सीट रमन सिंह की परंपरागत सीट मानी जाती है और वे 2008 से लगातार यहां से जीत दर्ज कर रहे हैं। यहां से कांग्रेस गिरीश देवांगन को उतारकर मुकाबले को खासा रोचक बना दिया है। इसके अलावा बीजेपी के दिग्गज नेताओं में नारायणपुर सीट पर पूर्व मंत्री केदार कश्यप, कोंडागांव सीट पर पूर्व मंत्री लता उसेंडी, बीजापुर सीट पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और भानुप्रतापपुर सीट पर पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी की साख दांव पर है। पहले चरण में ही कांग्रेस के मुस्लिम चेहरा और बघेल सरकार में मंत्री मोहम्मद अकबर का असल इम्तिहान होना है। कवर्धा सीट से एक बार फिर से अकबर उतरे हैं जबकि 2018 से पहले इस सीट पर बीजेपी का कब्जा था। चित्रकोट सीट पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज की साख दांव पर लगी है। कांग्रेस ने उन्हें विधानसभा चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा कोंडागांव से मंत्री मोहन मरकाम, कोंटा सीट पर मंत्री कवासी लखमा की साख दांव पर है। इस तरह से पहले चरण में बघेल सरकार के 3 मंत्रियों और प्रदेश अध्यक्ष की साख दांव पर लगी है।

### जंगल से ही तय होगा प्रदेश का राज

छत्तीसगढ़ की सियासत में जंगल से ही प्रदेश का तख्त और ताज तय होता है। पहले चरण में जिन 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव है, वो घनघोर जंगल और पहाड़ी क्षेत्र से घिरा हुआ है। बस्तर संभाग का 60 फीसदी हिस्सा जंगल क्षेत्र है तो इसी तरह से दुर्ग संभाग के जिलों को भी जंगल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। बीजेपी छत्तीसगढ़ में आदिवासी बहुल इलाकों से जीतकर सत्ता पर विराजमान होती रही है, लेकिन उसकी जैसे ही यहां पर पकड़ धीली पड़ी तो उसके हाथों से सत्ता निकल गई। आदिवासी बहुल बस्तर और दुर्ग संभाग में राजनीतिक दलों के लिए चुनाव काफी कठिन माना जा रहा है। यहां कांग्रेस-बीजेपी के अलावा बसपा, सीपीआई, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जोगी), आम आदमी पार्टी और आदिवासी नेता अरविंद नेताम की हमर राज पार्टी भी चुनावी मैदान में उतरी है। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों ने पहले चरण की सीटों के लिए पूरी ताकत लगाई।

### पहले चरण दिग्गजों ने लगाई ताकत

पहले चरण की 20 सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने जमकर पसीने बहाए हैं। महारथियों ने चुनाव प्रचार किया उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी तक के नाम शामिल हैं। पीएम मोदी ने कांकेर, दुर्ग और राजनांदगांव जैसी हाईप्रोफाइल सीटों पर प्रचार करके आसपास की सीटों को प्रभावित करने की कोशिश की है। इसके अलावा बीजेपी की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य नेताओं ने चुनावी जनसभा करके पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर, कांग्रेस की ओर से राहुल और प्रियंका गांधी ने इस बार मोर्चा संभाल रखा था। राहुल गांधी ने जहां बस्तर और रायगढ़ में प्रचार किया तो प्रियंका गांधी ने खरसिया, जगदलपुर और बिलासपुर में प्रचार कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। कांग्रेस की ओर से तीसरे दिग्गज नेता पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सुकमा और महासमुंद में कांग्रेस के लिए प्रचार किया। इसके अलावा भूपेश बघेल ने सभी 20 विधानसभा सीटों पर चुनावी प्रचार करके सियासी माहौल बनाने की कोशिश की है। ऐसे में अब देखना है कि पहले चरण में कांग्रेस और बीजेपी में कौन इस बार बाजी मारता है?

### पहले चरण की 20 सीटों का गणित

छत्तीसगढ़ के पहले चरण में नक्सल प्रभावित संभाग बस्तर की 12 सीटों और दुर्ग संभाग के राजनांदगांव, कवर्धा और खैरागढ़ की 8 सीटों पर मंगलवार को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण की 20 सीटों में से 13 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं जबकि 7 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं। इस तरह से आदिवासी बहुल इलाके में कांग्रेस का दबदबा पिछले चुनाव में दिखा था और पार्टी ने 20 में से 19 सीटों पर कब्जा जमाया था। बस्तर संभाग की सभी 12 सीटें कांग्रेस के खाते में गईं तो वह दुर्ग संभाग की एक सीट छोड़कर बाकी 7 सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजेपी महज एक सीट राजनांदगांव जीती थी, जहां से रमन सिंह विधायक हैं। बस्तर की सभी 12 सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा जमा रखा है। इतना ही नहीं, बस्तर की लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस का ही सांसद है। इससे पहले तक बीजेपी यहां मजबूत रही थी। 2013 के चुनाव में यहां की 8 सीटों पर कांग्रेस और 4 सीटों पर बीजेपी जीत दर्ज करने में कामयाब रही थी। 2008 के चुनाव में बीजेपी को 10 सीटों पर जीत मिली थी तो कांग्रेस को एक सीट और एक सीट अन्य के खाते में गई थी। 2003 के चुनाव में बस्तर की 12 में से 9 सीटें बीजेपी और 3 सीटें कांग्रेस जीतने में सफल रही थी, लेकिन 20 साल बाद बस्तर का क्षेत्र अब कांग्रेस का मजबूत गढ़ बन चुका है। पहले दौर की वोटिंग वाले इलाके में दुर्ग संभाग की 8 विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहला-मानपुर, कबीरधाम-कवर्धा, पंडरिया और खैरागढ़ सीट शामिल है। बीजेपी 2018 के चुनाव में राजनांदगांव सीट ही जीत सकी थी, जहां से पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम डा. रमन सिंह को जीत मिली थी जबकि शेष 7 सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। इस तरह से देखा जाए तो पहले चरण में बीजेपी के पास खोने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन सत्ता में वापसी का यही एक रास्ता है। बीजेपी अगर बस्तर और दुर्ग संभाग के इलाके में अपने खोए हुए सियासी जनाधार को वापस हासिल नहीं कर पाती है तो उसके लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है।

## खास खबर

### मतदान दलों का तृतीय एवं अंतिम चरण का हुआ प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** आज मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों को तृतीय एवं अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। मालूम हो कि इसके पूर्व प्रथम और द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में सभी जिले के समस्त पीठासीन तथा सेक्टर अधिकारियों, मतदान दल के कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के बारीकियों, ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट हैंड्स ऑन, मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मॉकपोल, मॉकपोल के पश्चात सीआरसी अर्थात क्लोज, रिजल्ट एवं क्लीयर की प्रक्रिया तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईव्हीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया, विभिन्न प्रपत्रों को परिपूरित करना, मतपत्र लेखा, परिनियत एवं अपरिनियत लिफाफें को भरे जाने सम्बन्धी के बारे में विस्तारपूर्वक और प्रायोगिक माध्यम से दलों को प्रशिक्षित किया गया था। इस दौरान उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन ने पीठासीन तथा सेक्टर अधिकारियों से उनके मतदान स्थल, प्रारंभिक मतदान प्रक्रिया, के संबंध में जानकारी ली और उन्हें सफलतापूर्वक मतदान संपादन करने के लिए निर्देशित किया।

### बैंक प्रबंधन की लापरवाही से एटीएम बूथ की सुरक्षा भगवान भरोसे - एचएस मिश्रा

**भिलाई।** एचएमएस यूनियन से संबद्ध छत्तीसगढ़ सिक्युरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने राष्ट्रीयकृत बैंकों के एटीएम बूथों पर लगातार हो रही तोडफ़ोड़ को बैंक प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के ज्यादातर सुरक्षा कर्मियों को बेदखल कर दिए जाने से एटीएम बूथों की सुरक्षा भगवान भरोसे होकर रह गई है। जिन चुनिंदा एटीएम बूथ पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं, उन्हें एग्रीमेंट में दर्ज प्रावधान के अनुसार वेतन भुगतान सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में केयर टेकर एजेंसियां आनाकानी कर रही है। प्रदेश के वरिष्ठ श्रमिक नेता एवं छत्तीसगढ़ सिक्युरिटी गार्ड केयर टेकर कर्मचारी संगठन के महासचिव एचएस मिश्रा ने बताया कि कुछ साल पहले तक सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा अपने एटीएम बूथ पर सुरक्षा कर्मी तैनात किया जाता था। लेकिन अब सुरक्षा कर्मी नहीं रखे जाने से एटीएम बूथों पर चोरी के इरादे से आए दिन तोडफ़ोड़ की घटनाएं हो रही है। भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र में गौरव पथ पर ओम शांति चौक और दुर्ग के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ पर तोडफ़ोड़ का ताजा मामला सामने है। इससे पहले हुडको कालोनी के तीन एटीएम बूथ पर चोरी के बाद असामाजिक तत्वों ने आग लगा दिया था।

## लोकतन्त्र के महापर्व के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण में 07 नवम्बर को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया और 72 कवर्धा के 804 मतदान केन्द्रों के लिए कृषि उपज मंडी बिलासपुर रोड़ कवर्धा में सामग्री वितरण किया जा रहा है। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित है।

इन दोनो विधानसभा क्षेत्रों के लिए 804 मतदान दल का गठन किया गया है। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त कर रहे है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अजय कुमार गुप्ता, पुलिस प्रेक्षक राजेश खुराना, कलेक्टर एवम् जिला दंडाधिकारी जनमेजय महोबे ने मतदान वितरण कार्यों और व्यवस्था का जायजा लिया। पंडरिया और कवर्धा विधनसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवम् प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके बाद मतदान दल को सामग्री का वितरण प्रारंभ किया गया। सभी कार्यों का वीडियोग्राफी कराई गई है। मतदान सामग्री वितरण के लिए कुल 20 काउंटर बनाए गए है। विधानसभा पंडरिया के लिए 10 काउंटर और कवर्धा के लिए 10 काउंटर बनाए गए है। विधानसभा पंडरिया के लिए 1 काउंटर से 10 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक काउंटर में 21 मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए 393 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 98 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के लिए 411 मतदान दल का गठन किया गया है। साथ ही 103 मतदान दल को रिजर्व रखा गया है। दोनो विधानसभा क्षेत्र के लिए 11 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए है।

## लोक नृत्य के रंग-मतदान संकल्प के संग थीम पर मनाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बरमकेला में विकासखंड स्तरीय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता ''लोक नृत्य के रंग'' ''मतदान संकल्प के संग'' थीम पर कार्यक्रम का सफल आयोजन इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में किया गया।

इस कार्यक्रम का सफल आयोजन छत्तीसगढ़ के नक्शा, भीम, रंगोली उकेर कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी एवं विशिष्ट अतिथि रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम मोनिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान उपस्थित थे।



कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कार्यक्रम की शुरूआत में प्रतिभागियों से मुलाकात की और प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूलों के सभी छात्र-छात्राओं, बिहान समूह के सदस्य, व सभी उपस्थित नागरिकों को मतदान देने के लिए शपथ दिलाया गया। बरमकेला सहित अंचल के नागरिकों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वीप मतदाता जागरूकता में अपने सहभागिता निभाकर सफल बनाने में सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में करमा नृत्य, सुआ नृत्य, सरगुजिया नृत्य, राउत नाचा, पंथी नृत्य, कथक नृत्य, गौरी गौरा नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति से मतदान के महत्व को बताया गया।

कलेक्टर ने कहा कि बरमकेला के द्वारा जो इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए कई दिनों से लगे हुए थे उस पूरी टीम को में बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि बहुत ही अच्छा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम बहुत ही अच्छे प्रस्तुति के साथ, लोक कला एवं नृत्य के माध्यम से मतदाताओं के मानस पटल पर अंकित करने का प्रयास किया गया है। मतदान बहुत जरूरी है और 17 नवंबर 2023 को अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करें। बहुत सारे मतदाता पहली बार बोट देंगे मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर अवश्य जाएं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। अपने घरों में अपने आसपास अपने गांव के अपने शहरों के सभी नागरिकों को प्रोत्साहित करें कि मतदान 17 नवम्बर के दिन अपने मतदान केंद्र मतदान केन्द्र अवश्य जाएं और अपना मताधिकार का प्रयोग करें।

## बस्तर संभाग की 12 सीटों के साथ पहले चरण की सभी 20 सीटों पर कांग्रेस जीतेगी - दीपक बैज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पहले चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पहले चरण और दूसरे चरण दोनों चरणों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पहले चरण में बस्तर की 12 सीटों के साथ सभी 20 सीटों पर कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतेगी। बस्तर का आदिवासी भाजपा के 15 साल के कुशासन को भुला नहीं है जब आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को बंधक बनाकर रखा गया था। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास की योजनायें बनाई गयी, तेंदूपत्ता संग्राहकों की प्रतिमानक बोरा 2500 से बढ़ाकर 4000 किया गया जो फिर से कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 6000 रू. होगा। साथ ही अब वनोपजों की कीमतों में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गयी है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा कभी नहीं चाहती कि आदिवासी वर्ग आर्थिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बने। भाजपा आदिवासियों का और उनकी संस्कृति का हमेशा से दमन करना चाहती है। भाजपा यदि आदिवासियों का हित चाहती तो अभी तक आदिवासी समाज का आरक्षण बिल 10 माह से ज्यादा समय से राजभवन में अटका हुआ नहीं होता। कोर्ट ने आदिवासी समाज का आरक्षण 32 प्रतिशत से घटाकर 20 कर दिया था। कांग्रेस सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आदिवासी समाज का आरक्षण फिर से 32 प्रतिशत किया, ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत, एससी का 13 प्रतिशत तथा ईडब्ल्यूएस का 4 प्रतिशत आरक्षण किया। यह आरक्षण संशोधन विधेयक भाजपा की साजिश एवं षड़यंत्र के कारण पिछले 10 माह से राजभवन में रोका गया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार के 15 साल के दौरान सबसे ज्यादा पीड़ित, प्रताड़ित और शोषित आदिवासी वर्ग ही था। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने के लिए उनके कानूनी अधिकारों का हनन करने का काम भाजपा सरकार करती रही।

15 सालों में रमन सरकार ने आदिवासियों की 90000 एकड़ से अधिक जमीन पूंजीपतियों को सौंप दी। आदिवासी वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उनके मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए किसी प्रकार से काम नहीं किया गया था। भाजपा ने 2003 में आदिवासियों को 10 लीटर दूध वाली गाय देने का वायदा किया था, हर आदिवासी परिवार से एक को सरकारी नौकरी का वायदा किया था, पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के दौरान बस्तर के 600 से ज्यादा गांव उजाड़ दिये गये। तीन लाख से अधिक आदिवासियों को पलायन के लिए मजबूर किया गया।

### दुर्ग से पलासा-बरहमपुर के लिए चाहिए नई ट्रेन, जनप्रतिनिधि गलत मांग न करें : के उमाशंकर राव

**भिलाई** । आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर राव ने कहा है कि दुर्ग से पलासा-बरहमपुर तक सीधी रेल सेवा की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी की सभा में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय द्वारा दुर्ग ङ्कविशाखापट्नम एक्सप्रेस को पलासा-बरहमपुर तक चलाने की मांग की थी जो कि आंध्र उत्कल वासियों की मांग नहीं है। दुर्ग विशाखापट्नम एक्सप्रेस बेहद जरूी ट्रेन है इसका रूट बदलने के बजाए दुर्ग से पलासा बरहम पुर के लिए नई ट्रेन की सुविधा मिले। के उमाशंकर राव ने कहा है कि विगत 15 वर्षों से दुर्ग से पलसा, बरहमपुर तक सीधी नई रेल सुविधा की मांग आंध्र उत्कल समाज वासियों की ओर से किया जा रही है। उक्त मांग पर क्रमिक भूख हड़ताल, धरना एवं प्रदर्शन कर रेल प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया।



















**खास-खबर**




## बालोद में दर्दनाक हादसा, बाइक सवार पिता-पुत्र सहित तीन की मौत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों मृतक एक ही दो पहिया वाहन में सवार थे और अनियंत्रित होकर गाड़ी पेड़ से टकराई जहां पर तीनों बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं एक व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में दो पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। इससे पहले बाइक सवार दो लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं तीसरे शख्स की मौत अस्पताल में हुई। बालोद थाना प्रभारी रवि शंकर पांडे ने बताया कि एक मृतक महामाया थाना क्षेत्र का है वहीं दो मृतक डॉडी थाना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं मृतकों की पहचान अर्जुन सिंह पाटिल, देवेंद्र पाटिल और कीर्तन कोठरी के रूप में हुई है।

## दुकान के गल्ले से नौकर ने उड़ाए 20 हजार रुपये, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** शहर के मालवीय रोड स्थित एक कपड़े की दुकान के गल्ले से चोरी हुए 20 हजार रुपये दुकान के नौकर ने ही उड़ाया था। सीसीटीवी में राशि चुराते कैद हुए नौकर को रविवार कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से मात्र तीन हजार रुपये बरामद किया गया, बाकी रुपये उसने खर्च कर दिया।

सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालवीय रोड में प्रिंस दुसेजा की कपड़े की दुकान है। दुकान में 15 अक्टूबर से त्रिमूर्तिनगर, फाफाडीह निवासी तुलसी तांडी उर्फ कबीर (32) काम करता आ रहा था। 17 अक्टूबर की रात आठ बजे लघुशंका जाने के बहाने वह दुकान से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा।

दूसरे दिन भी दुकान नहीं आया तब संदेह होने पर प्रिंस दुसेजा ने गल्ले को चेक किया तो 20 हजार रुपये नहीं मिले। दुकान में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर तुलसी तांडी रुपये निकलते हुए पाया गया। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर रविवार को तुलसी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने पैसा चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## कुसमुंडा मार्ग में हुई दुर्घटना बाइक सवार तीन घायल

**कोरबा (ए)।** कुसमुंडा मार्ग में हुई दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक व एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कोरबा-कुसमुंडा मार्ग में डंपर रोड छह नंबर बैरियर के पास दो युवक व एक युवती को घायल अवस्था में पड़े राहगीरों ने देखा। कुछ ही उनकी बाइक क्रमांक सीजी 11 बीई 2618 पड़ी हुई थी। युवती बेहोश थी, उसके सिर व चेहरे से खून निकल रहा था। वहीं युवक के चेहरे पर चोट लगी हुई थी। घटना की जानकारी डायल 112 व एबुंलेंस को दी गई। स्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल में लाकर दाखिल कराया। दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। बाइक जांजगीर- चांपा जिला की बताई जा रही है। इसके आधार पर पुलिस घायलों के संबंध में जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है।

# आरपीएफ ने दो दिन में सात लाख नकद और 25 लाख के आभूषण किए बरामद

### विधानसभा चुनाव को देखते हुए जारी है जांच अभियान, सभी ट्रेनों में की जा रही है जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे में सतर्कता बरती जा रही है। इसी के तहत रेलवे स्टेशन, ट्रेन व स्टेशन के बाहर प्रतिदिन नजर रखी जा रही है। जरा भी किसी पर संदेह होते ही उनकी जांच भी करते हैं। इसी जांच का असर है कि दो दिन में आरपीएफ ने 7,93,000 रुपये नकद व 24,95,297 रुपये के सोने एवं चांदी के आभूषण बरामद कर चुनाव उडनदस्ता दल के सुपुर्द किया गया। बिलासपुर रेल मंडल के दायरे में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश में आता है।

यहां विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक है। इसके मद्देनजर चुनाव आयोग रेलवे को भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी सूरत में ट्रेन के माध्यम से मतदाताओं को लुभावने सामान न आए। इसी निर्देश का असर है कि आरपीएफ हर एक ट्रेन व स्टेशन के अलावा स्टेशन परिसर में भी आने-जाने वाले हर एक व्यक्ति पर नजर रखे हुए हैं। पैनी नजर रखने के साथ जरा भी संदेह होते ही संबंधित की जांच भी की जाती है। पार्सल में नियमित टीम दबिश दे रही है।

इस जांच में टीम को सफलता भी मिल रही है। विगत दो दिनों में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिलासपुर स्टेशन में चेकिंग के दौरान 7,93,000 रुपये नकद बरामद किया। वहीं 24,95,297 रुपये का सोना एवं चांदी जब्त की गई। जब्त सामान व नकद को चुनाव उडनदस्ता दल को सुपुर्द किया गया है। एक नवंबर को आरपीएफ सीआइबी बिलासपुर द्वारा पार्सल से 13,00,000 रुपये की चुनाव प्रचार सामग्री जब्त की गई है।

इसी तरह बिलासपुर स्टेशन के साथ मंडल क्षेत्राधिकार के अनूपपुर, शहडोल, चांपा, रायगढ, पेंड्रारोड स्टेशनों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इसके अलावा रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर मंडल द्वारा गांजा के अवैध परिवहन परिवहन के 20 मामलों में 30,19,500 रुपये कीमत के 182 किलो गांजा , 15 मामलों में 1,73,020 रुपये की शराब, 12,93,000 नकद के साथ 28,20,297 रुपये सोना व चांदी कीमत एक करोड रूपये से अधिक की जब्त की गई। यह अभियान लगातार जारी है।

## पेड़ से लटकता मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस



**जांजगीर-चांपा (ए)।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ इलाके में सोमवार सुबह एक पेड़ से लटकती युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी शिवरीनारायण थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर युवती के शव को कब्जे में लिया और मामले की जांच में जुट गई है।

शिवरीनारायण पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह ग्राम बेलारी के कंजी नाला डैम के पास ग्रामीणों ने देखा कि एक 20 से 22 वर्षीय लड़की की लाश पेड़ में लटकी हुई थी। जिसकी सूचना उन्होंने तत्काल 112 को दी जिसपर पुलिस ने मौके पर पहुंच काफी पूछताछ लेकिन युवती की पहचान नहीं हो सकती है। युवती कला टीशर्ट और ब्लू जींस पहने हुई घटना स्थल में मिली है।

फिलहाल पुलिस मामले की हर संभव पहलु से जांच कर रही है। आसपास के गांव में भी युवती के बारे में पतासाजी की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लग रहा है। लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि ये हत्या है या आत्महत्या। पुलिस इस समय मौका-ए-वारदात से सबूत जुटाने में लगी है। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

# हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त कर तीन मवेशियों को मौत के घाट उतारा



**कोरबा (ए)।** कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा। एक बार फिर झुंड से अलग हुए हाथियों ने गांव में घुसकर भारी उत्पात मचाया। हाथियों ने दो मकानों को ध्वस्त कर तीन मवेशियों को मौत के घाट उतारा है। मकान में रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। घटना से सहमे ग्रामीणों ने जैसे तैसे रात गुजारी।

घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र के ग्राम हरदेवा की है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में 48 हाथियों का झुंड बीते कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इस दल में से 30 हाथी अलग हुए और रात्रि लगभग 11 बजे हरदेवा गांव में जा पहुंचे। जहां हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने यहां रहने वाले वीर सिंह के घर को तोड़ दिया। घर के बाहर बंधे तीन मवेशियों को भी हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृत मवेशियों में एक बैल व दो बछड़े शामिल है। इसके बाद भी हाथियों का उत्पात थमा नहीं। हाथियों ने सहदेव के मकान को ध्वस्त करते हुए वहां रखे चावल व अन्य खाद्य सामग्री को चट कर दिया। हाथियों का झुंड उत्पात मचाने के बाद जंगल की ओर कुच कर गया। हाथियों के उत्पात की खबर पर वन अमला मौके पर पहुंचा। हाथियों की निगरानी की जा रही है। बताया जा रहा है कि 18 हाथी सेमहरा और गाड़ा गोड़ा के बीच जंगल में विचरण कर रहे है। केंदई रेंज में सूरजपुर जिले से आए 11 हाथी लौट चुके है।

हाथियों ने अचानक गांव में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। रात 11 बजे ग्रामीण अपने-अपने घरों में सो चुके थे। अचानक मकान ध्वस्त किए जाने के बाद उनकी नींद खुली। किसी तरह भाग कर उन्होंने जान बचाई। नहीं तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। निगरानी के बाद भी हाथियों द्वारा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण आक्रोशित हैं।

# 11 केवी लाइन के करेंट की चपेट में आने से ट्रेलर में लगी आग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा (ए)।** ग्राम धतूरा के पास 11 केवी बिजली तार की चपेट में आने से एक ट्रेलर में आग लग गई। देखते ही देखते ट्रेलर धू- धू कर जलने लगा। घटना के बाद स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना मिलने पर डायल 112 और दमकल वाहन पहुंची और आग को बुझाया।

बताया जा रहा है कि चालक ट्रेलर की काफी तेज गति से चला कर दीपका से बलौदा की तरफजा रहा था। मार्ग में 11 केवी बिजली का तार सड़क के पार हुआ है। चालक को तार नहीं दिख सका और ट्रेलर से टकराने पर 11 केवी तार में शार्टसर्किट हो गया और ट्रेलर में आग लग गई। वाहन चालक ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। वाहन में हेल्फर नहीं था और चालक की लापरवाही के चलते घटना हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

फिर भी ट्रेलर का आधा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। हरदीबाजार थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना मिलती ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए वाहन मालिक को सूचना दी। आग कब और कैसे लगी, इसकी जानकारी ली जा रही है। चालक ने बताया कि 11 केवी की चपेट में आने से घटना हुई है।

### बीजापुर में नक्सलियों ने किया बड़ा कांड

# मतदान के पहले गारमेंट फैक्ट्री में लगा दी आग, पर्चे फेंककर दी चेतावनी

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से बहले बस्तर संभाग के बीजापुर में नक्सलियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। यहां नक्सलियों ने एक गारमेंट फैक्ट्री में आग लगा दी है। यही नहीं नक्सलियों ने पर्चे फेंककर चुनाव बहिस्कार करने की चेतावनी भी दी है।

बता दें 7 नवंबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान होना है। बस्तर संभाग सहित राजनांदगांव व आसपास के 20 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। बीजापुर में भी 7 नवंबर को मतदान होना है और नक्सलियों द्वारा लगातार चुनाव बहिस्कार के लिए पर्चे फेंके जा रहे हैं। इस बीच बीजापुर के गारमेंट फैक्ट्री में आग लगाकर चेतावनी दी गई है। घटना के बाद प्रशासन द्वारा आग बुझाने का काम शुरू किया गया। नक्सलियों ने जिस फैक्ट्री में आग लगाई वह यहां के कलेक्टर निवास तथा सीआरपीएफ के डीआईजी कार्यालय से एक किलोमीटर से दूरी पर है।

# अज्ञात हमलावरों ने दो गार्ड को उतारा मौत के घाट, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में दो गार्ड की हत्या का मामला सामने आया है। जिले के ग्राम सिवनी में स्थित देशी शराब भट्टी दुकान के दो गार्ड की बीती रात अज्ञात लोगों ने सिर पर वार कर हत्या कर दी है। सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीओपी, थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंची हुई है। वहीं, एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी अनुसार, बीती रात सिवनी गांव में देशी शराब भट्टी दुकान की सुरक्षा में लगे दोनों गार्ड जिनका नाम युदुनंद पटेल (28), जय कुमार सूर्यवंशी (27) जो कि देशी शराब भट्टी के सामने दोनों एक साथ खाट पर सोए हुए थे। रात में अज्ञात हमलावरों ने ने दोनों गार्ड की हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, बिलासपुर जिले से एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। उसके बाद आगे की जांच पड़ताल शुरू की गी। वहीं, देशी शराब भट्टी दुकान से किसी भी प्रकार की शराब की बोतल या पैसे की चोरी तो नहीं हुई है। इसकी जांच पड़ताल पुलिस कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### क्षितिज चंद्राकर ने वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के देवांगन समाज की बैठक ली

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवांगन समाज के सभी ब्लाक एवं मंडल इकाइयों के पदाधिकारियों की बैठक देवांगन भवन कैम्प-2 में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होकर प्रोफेसनल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर ने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां बताई और वैशाली नगर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर को जिताने की अपील की। स्थानीय देवांगन समाज द्वारा भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन कराने की मांग पर क्षितिज चंद्राकर ने देवांगन समाज हेतु भूमि आवंटन एवं भवन निर्माण में पूर्ण सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक देवांगन, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, कैम्प मंडल के अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, रामनगर मंडल अध्यक्ष यादराम देवांगन, कोहका ब्लाक अध्यक्ष परदेशी देवांगन, धनुष राम देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, खुमान सिंह देवांगन, मंगलूराम देवांगन, गोकुल देवांगन, गैंदलाल देवांगन, संत माताजी, मुकेश देवांगन, मनोज देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा एवं समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण उपाध्यक्ष विशाल देशमुख, दिल्लीवार कुर्मी समाज के सचिव पवन दिल्लीवार एवं प्रदेश कुर्मी समाज के सचिव अजय चंद्राकर सहित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन खुमान सिंह देवांगन ने किया।

### एसआईओ ने जारी किया स्टूडेंट मैनिफेस्टो, चिकित्सा बीमा सहित कई मांगें रखी उम्मीदवारों के समक्ष

**भिलाई।** जमाअत-ए-इस्लामी से संबद्ध भारतीय युवा मुस्लिम विद्यार्थियों के संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन (एसआईओ) ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के परिदृश्य में स्टूडेंट मेनिफेस्टो जारी किया है। स्टुडेंट सेंटर लाइब्रेरी, निज़ामी चौक, सुपेला भिलाई में जारी इस मैनिफेस्टो में विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं। इस मैनिफेस्टो से विधानसभा चुनाव में उतरे उम्मीदवारों को भी अवगत कराया गया है। इनमें मांग की गई है कि राज्य में शराब बंदी को लेकर एक ठोस कानून बनाया जाए। ग्रामीण इलाकों में छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। नर्सरी से कक्षा 12 वी तक के छात्रों को मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई जाए। राज्य में कॉलेजों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए। राज्य में विद्यार्थियों के नामांकन को लेकर सरकार द्वारा कैंपेन चलाई जाए। राज्य द्वारा सभी छात्रों को चिकित्सा बीमा दिया जाए। राज्य में प्रदूषण की समस्या से बचने के लिए सभी फैक्ट्री में प्रदूषण नियंत्रण सिस्टम को चालू रखा जाए और इसका उपयोग न करने वाले फैक्ट्री पर सरकार द्वारा फाइन लिया जाना चाहिए। घोषणा पत्र जारी करने के दौरान मुख्य अतिथि एम. डी. इदरीस खान (प्रदेश अध्यक्ष) एसआईओ छत्तीसगढ़, इमरान अज़ीज़ (अध्यक्ष,भिलाई इकाई), फरहान अली, तबरेज खान (सचिव, चरोदा इकाई), ज़ैद अली (सदस्य, भिलाई इकाई) सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मैनिफेस्टो को एसआईओ की ओर से विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों के समक्ष भी प्रस्तुत किया गया।

# विधायक देवेन्द्र बोले- मेरे व्यक्तिगत जीवन की हत्या कर रहे हैं भाजपाई, कर रहे गंदी राजनीति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भाजपा के नेता मेरा सार्वजनिक जीवन ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत जीवन की भी हत्या कर रहे हैं। एक फर्जी वीडियो जारी करके मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। अगर भाजपा नेता चुनाव जीतना चाहते हैं तो वह आए चुनावी मैदान में और सीधे-सीधे चुनाव लड़े और सच्चाई से चुनाव जीते। लेकिन यह झूठे लोग हैं और शहर में झूठ फैला कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है।**



यह बातें भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव ने कही। देवेंद्र यादव ने रविवार को दोपहर 3:00 बजे अपने सेक्टर 5 स्थित निवास में प्रेस वार्ता ली। जहां मीडिया के सामने विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि चुनावी समय में भाजपा के नेता अब तक उनके ऊपर कई तरह के आरोप लगा रहे थे लेकिन अब वे भाजपा के नेता गंदगी फैलाने में जुटे हैं और एक फर्जी गंदी वीडियो बनाकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

श्री यादव ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें कुछ माह पहले ही मिली थी। तभी उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन से की थी। पुलिस ने मामले की जांच भी की है और पुलिस को यह भी पता चलना है की सबसे पहले यह वीडियो हैदराबाद से जारी हुआ था। इसके बाद यहां जिस नम्बर से जारी किया गया वह नम्बर भी पुलिस के पास है,लेकिन वह नंबर लगातार बंद है। भिलाई में कुछ भाजपा नेता उस फर्जी वीडियो को वायरल करके झूठे फैला रहे है, की वह देवेंद्र यादव का वीडियो है। जबकि वह वीडियो उनका है ही नहीं। शिकायत के बाद उन्होंने फॉरेंसिक जांच भी करवाई है। जिसकी रिपोर्ट भी उन्होंने मीडिया को दी है।

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के नेता मेरे व्यक्ति का जीवन पर भी प्रहार कर रहे हैं। मुझे बदनाम करें की कोशिश की जा रही है लेकिन भिलाई की जनता काफी समझदार है। मेरी भी परिवार है,माँ, बच्चा , पत्नी, भतीजे भाई, हजारों बहाने मुझे राखी बांधती है। वे सब जानते है, मेरा ईश्वर जनता है सच्चाई क्या है। मेरे साथ जिस तरह से भाजपा के नेताओं ने गलत व्यवहार किया है या मानवीय दृष्टि से भी गलत है। मीडिया से बात करते-करते विधायक देवेंद्र यादव रो पड़े और उन्होंने रोते हुए कहा कि भाजपा के नेता को चुनाव जीतना है तो जीत जाए, जो करना है करे पर इस तरह की गंदी राजनीति न करें। आज नहीं वे मुझे हराने के लिए कई माह पहले ही उन्होंने यह घिनौना षड्यंत्र रचा था।

## विश्वास यात्रा : विधायक देवेंद्र यादव को माताओं ने लगाए विजय तिलक, बहनों ने बांधी रक्षा सूत्र और दिया आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक और भिलाई नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 और छावनी वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली। जहां उनकी यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें और हजारों की संख्या में युवा व बच्चे भी शामिल हुए। कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया।

पुष्प अर्पित किए । इस दौरान वार्ड में माताओं ने विधायक श्री यादव की आरती उतार कर उन्हें विजय तिलक लगाकर चुनाव जीतने का आशीर्वाद दिया। वहीं दूसरी ओर वार्ड की बहनों ने अपने विधायक भाई श्री यादव के हाथ में रक्षा सूत्र बांध और उनके जीत का पूरा विश्वास दिलाया।

विधायक श्री यादव ने माताओं और बड़ी बहनों को प्रमाण कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान वार्ड की माताओं और बहनों ने ही कहा कि आप ने हम महिलाओं के हित और विकास केलिए जो काम किया है। उसकी जितनी तारीफकी जाए कम है। आप ने महिलाओं को महिला समूह के माध्यम से स्व रोजगार देकर सशक्त बनाया, आत्मनिर्भर बनाया। अभी खुर्सीपार में प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा गार्मेंट फैक्ट्री खोल रहे हैं। जहां सैकड़ों महिलाओं को रोजगार मिलेगा। हर परिवार की महिला मुखिया के नाम से हर परिवार का राशन कार्ड बनवाया।

लोगों ने यह भी कहा कि पानी के लिए बड़ी समस्या थी। बड़े-बड़े पानी टंकी बिछाकर घर -घर पानी पहुंचाया। महिलाआं की सुरक्षा के लिए खुर्सीपार जैसे वार्ड में जहां लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलती थी, वहां सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। कानून व्यवस्था को मजबूत किए है। बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हाईटेक लाइब्रेरी खोल दिए। खेल मैदान, उद्यान, तालाबों का सौंदर्यीकरण, सड़क, नाली, बिजली आदि सभी सुविधाएं दिए है। महिलाओं ने कहा कि आप ने हमारे लिए इतना सब किया है तो हम सब महिलाएं भी आप के साथ है और हमें हमारे भाई हमारा बेटा देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास है। खुर्सीपार, छावनी की जनता के हित और विकास के लिए, बच्चों के बेहतर कॅरियर, महिलाओं के सम्मान के लिए कांग्रेस को ही वोट देंगे और देवेंद्र यादव को ही दोबारा अपने क्षेत्र का विधायक बनाएंगे।

### आप सब का प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी

इस अवसर पर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि आप सभी का प्रेम और विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। आप सब ने मुझे जो आशीर्वाद दिया, इस काबिल बनाया कि मैं आप सब की सेवा कर सकूं। पहले भी मैं आप सब को तहे दिल से पूरी सिद्दत और इमानदारी से भिलाई की भलाई और महिलाओं के आत्मसम्मान, यहां के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए काम किया। आत्मानंद स्कूल से लेकर कॉलेज, लाइब्रेरी, खेल मैदान बनाएं। आगे भी आप सब के आशीर्वाद से सेवा करता रहूंगा और हम सब मिलकर भिलाई को खुशहाल और समृद्ध बनाएं।

## ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान 26 को देगा नि:शुल्क परामर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान की प्रथम बैठक 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे से श्री राम हाइट्स आडिटोरियम क्रिश्चियन कॉलेज रोड कैलाश नगर, भिलाई में आयोजित है। इस बैठक में बड़ी संख्या में शोध संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य एवं आमंत्रित अतिथिगण ज्योतिष के क्षेत्र में किये गये उनके शोध, अनुभव, नवाचार की जानकारी देंगे। संस्थान के अध्यक्ष बृजमोहन बाली ने जानकारी दी है कि इस दौरान शाम 4 बजे से सायं 6 बजे तक भिलाई दुर्ग सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के आमजनों को विद्वान ज्योतिषियों द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा। राज्य के ज्योतिष के प्रति रुचि रखने वाले व्यक्ति संस्थान के सदस्य बन सकते है एवं उपरोक्त कार्यक्रम में सदस्यता के फलस्वरूप भाग ले सकते है एवं उनके द्वारा ज्योतिष के क्षेत्र में कोई शोध, अनुभव या नवाचार किया गया है तो उस पर अपनी प्रस्तुतिकरण कर सकते है। उन्होंने बताया कि संस्थान को उद्योगपति उमेश चितलांगिया, प्रसिद्ध पैरेंटिंग एक्सपर्ट और संचालक सचदेवा न्यू पीटी. कॉलेज चिरंजीव कुमार जैन एवं संरक्षक आर.सी. शर्मा का निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

अध्यक्ष बृजमोहन बाली ने बताया कि ज्योतिष विज्ञान शोध संस्थान द्वारा कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। जिनमें प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को पूर्व निर्धारित ज्योतिषीय विषय पर किये गये शोध/नवाचार आदि पर चर्चा होगी। ज्योतिष के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त ज्योतिष के विद्वानों को मासिक परिचर्चा मे शामिल होने हेतु उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा। उल्लेखनीय ज्योतिषीय शोध को प्रकाशित करने हेतु पहल की जाएगी। ज्योतिष की विभिन्न विधाओं मे ज्योतिष सीखने के इच्छुक छात्र-छात्राओं के लिए ज्योतिष की कक्षाओं का आयोजन कर ज्योतिष से संबंधित प्राप्त ज्ञान अनुसार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## जरूरतमंदों लोगों के साथ जन समर्पण सेवा संस्था मनाएगी खुशियों की दीपावली सप्ताह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दीपों के त्योहार को दीपावली के नाम से अधिक जाना जाता है। फिर दीपावली जैसे त्योहारों पर हम अपने करीबी और प्यारे लोगों को कुछ नए कपड़े उपहार में देते थे। खासकर हमारे बच्चे के लिए और यह एक परंपरा है। लेकिन ऐसे कई बच्चे हैं, जो अनाथ है और एकल माता-पिता हैं जो उन्हें नए कपड़े नहीं दे सकते क्योंकि वे दूसरों के घरों में थोड़े से वेतन के साथ काम करते है या नौकरानी का काम कर रहे है, ऐसे गरीब बच्चों बुजुर्गों एवं महिलाओं को जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग ने घरों में दीपावली के दौरान नए कपड़े, फटाखे और मिष्ठान, नमकीन उपलब्ध कराने का फैसला किया है। इस वर्ष सभी के सहयोग से संस्था द्वारा लगभग 500 से अधिक बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं को नए कपड़े और दिवाली की मिठाई एवं नमकीन देने की योजना बनाई है। संस्था का यह दीपावली पर्व कमजोर बच्चों एवं कमजोर परिवार में खुशियां फैलाएगा। समाजवादी विचारधारा का जन्म ही समाज के निराश्रित एवं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी वह सुख सुविधाएँ पहुंचाने के लिए हुआ है, जिनसे अभी तक वह अछूता रहा है। एक सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता का एकमात्र धर्म मानवता व सेवा होता है। इन्ही बातों को आत्मसात करते हुए जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग जोकि विगत 6 वर्ष 10 माह से बिना रुके प्रतिदिन दुर्ग रेल्वे स्टेशन एवं अन्य स्थानों में अस्थाई रुप से निवासरत मजदूर, असहाय, महिलाएं, बच्चों, विकलांग जनों को रात्रि में नि:शुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है, इसके साथ साथ विगत 7 वर्षों से संस्था के सभी युवा सदस्य सभी पर्व एवं त्योहारों में जरूरतमंदों की हर संभव मदद करते आ रहे है।

## भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश का जनसंपर्क जारी, कहा - भाजपा आवत हे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने आज टाउनशिप एवं खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा को समर्थन देने और भिलाई में विकास का कमल खिलाने का आग्रह किया। इस दौरान लोगों ने स्वस्फूर्त होकर उन्हें अपना समर्थन देते हुए उत्साह दिखाया। श्री पाण्डेय ने कहा कि लोगों के उत्साह से स्पष्ट है भिलाई सहित प्रदेश में भाजपा आवत हे।

श्री पाण्डेय ने आज बोरिया गेट, खुर्सीपार वार्ड 51 एवं छावनी क्षेत्र में जनसंपर्क किया। भेंट के दौरान उनहोंने लोगों से भिलाई में शांति और विकास के लिए भाजपा को विजयी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भिलाई का विकास पिछले 5 वर्षों में अवरूद्ध हो गया था, जिसे आप सबको अपने निर्णय से फिर से शुरू करना है। हमारा भिलाई शिक्षाधानी की अपनी पहचान को खो चुका है, अब यह हम सबका दायित्व है कि सही निर्णय लेकर वापस इसकी खोई पहचान वापस दिलायें। श्री पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों के उत्साह और स्वस्फूर्त समर्थन पर सबका आभार जताया। सेक्टर -1 एवं गौतम नगर में करेंगे जनसंपर्क: भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत सोमवार 6 नवंबर को भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय प्रात: सेक्टर -1 ए मार्केट तथा दोपहर 2 बजे विवेकानंद आश्रम गौतम नगर में जनसंपर्क करेंगे।

# केन्द्रीय जेल दुर्ग में वर्ष 2023 के द्वितीय राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं श्रीमती नीता यादव, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के मार्गदर्शन में 05 नवंबर 2023 को ''राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत'' का आयोजन केन्द्रीय जेल दुर्ग में समय प्रात: 11.00 बजे से किया गया।**




उक्त राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत के अवसर पर संतोष कुमार ठाकुर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुर्ग के अलावा प्रमुख रूप से गठित दो खण्डपीठ के पीठासीन न्यायिक अधिकारीगण श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, न्या.मजि.प्रथम श्रेणी, दुर्ग एवं डी. एस. बघेल, न्या.मजि.प्रथम श्रेणी, दुर्ग तथा प्रतिबंधात्मक धाराओं के प्रकरणों के निराकरण हेतु गठित खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी दीपक कुमार निकुंज एस.डी.एम. भिलाईनगर/छावनी एवं आशीष डहरिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग, केन्द्रीय जेल दुर्ग की ओर से आर. आर. राय जेल अधीक्षक, दुर्ग श्यामलाल ठाकुर उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग व जेल के अन्य कर्मचारी/स्टाफ उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग, अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी तथा विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों के सुगमता से निराकरण के कई कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रदान करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को जेल में निरूद्ध प्रत्येक बंदी के लिए सदैव विधि अनुसार सहयोग करने के लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध होना बताया गया।

केन्द्रीय जेल दुर्ग में आयोजित उक्त राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय में लंबित ऐसे बंदियों के प्रकरणों जिनमें बंदियों द्वारा अपराध स्वीकार किया गया, (Plead Guilty) प्ली-बारगेनिंग एवं शमनीय मामलों का निराकरण किया गया। जिसके तहत् जिला न्यायालय में 02 खण्डपीठ एवं राजस्व न्यायालय की 01 खण्डपीठ का गठन किया गया। उक्त गठित खण्डपीठ में कुल 36 मामलें निराकृत हुए जिनमें 29 मामलें न्यायालयीन एवं 07 मामलें राजस्व न्यायालय के शामिल है।

## गर्ल्स कॉलेज में सतर्कता जागरूकता पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत ''भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण, आम-नागरिकों की भागीदारी से संभव है'' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं विषेष अतिथि पंकज त्यागी, महाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई, प्रभाकर सिंह ठाकुर, उपमहाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए जनसहयोग आवष्यक है। यदि भारत का हर नागरिक अच्छी सोंच रखें तो भ्रष्टाचार का प्रभाव कम हो सकता है। कहीं भी किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार न हो इसके लिए हमें भी सतर्क व जागरूक होना चाहिए।

कार्यक्रम के विषिष्ठ अतिथि पंकज त्यागी ने कहा कि- भ्रष्टाचार एक गंभीर बीमारी की तरह है। इसका इलाज जनजागरण से ही संभव है आज के युवा राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें और कही पर भी भ्रष्टाचार न हो इसके प्रति सचेत रहकर दायित्व का निर्वहन करें। फेरो स्क्रैप के सतर्कता अधिकारी प्रभाकर सिंह ठाकुर ने कहा कि देष का विकास युवाओं की जिम्मेदारी है। युवा वर्ग भ्रष्टाचार का विरोध कर राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।

आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में कु. पूजा चेलक तथा विपक्ष में कु. प्रेक्षा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कु. गीतू यादव ने पक्ष में तथा प्रेरणा सुकेतल ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर कु. सुमन साहू एवं वर्षा देवांगन रहीं। वहीं काव्यषिखा एवं जान्हवी को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950